हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 24 मार्च 2024




EXPERT COACHING CLASSES
NEET / IIT-JEE INSTITUTE
NEET CRASH Course - 22/03/2024
NEET Crash Course Start from 22nd March 2024
PET Crash Course Start from 22nd March 2024
PAT Crash Course Start from 22nd March 2024
Bal Bharti Public School Campus, Baldev Bagh, Rajnandgaon Cont. - 76111-66661 / 96448-96441

स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)
B.ed Regular | M.ed | D.ed | B.ed Distance
नोट : स्वामी विवेकानन्द विश्वविद्यालय सागर से डिस्टेंस, बी.एड, डी.एड. का प्रवेश प्रारंभ है, जो भी शासकीय तथा अशासकीय शिक्षक डिस्टेंस से जॉब में रहकर बी.एड., डी.एड. करना चाहते है उनके प्रवेश का सुनहरा अवसर
ज्ञानदीप एकेडमी
पुराना बस स्टैण्ड के पास अम्बिकापुर, तहसील के पास अनूपपुर (म.प्र.)
8839281593, 9174881569

छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2024
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि
24/03/2024
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829

# रात 10.38 बजे तक भद्रा का साया, होलिका दहन के लिए 74 मिनटों का शुभ मुहूर्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रंगों के पर्व होली को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। रंगोत्सव से पहले आज शहर सहित ग्रामीण इलाकों में होलिका दहन किया जाएगा। चौक-चौराहों सहित कॉलोनियों में भी लोगों ने लकड़ी सहित कंडों को इकट्ठा कर होलिका तैयार की है। होलिका दहन करने के लिए लोगों को भद्रा की साया होने के चलते रात साढ़े दस बजे तक का इंतजार करना होगा, इसके बाद 74 मिनटों का शुभ मुहूर्त मिलने वाला है। स्थानीय पंडितों से मिली जानकारी के अनुसार भद्रा की साया के दौरान होलिका दहन नहीं किया जाता है। यही कारण है कि उन्होंने रात 10.28 मिनट पर भद्रा की साया हटने के बाद ही होलिका दहन करने की सलाह दी है। पंडितों ने बताया कि पूर्णिमा तिथि 24 मार्च को सुबह 9.55 बजे से प्रारंभ होगी। इसी के साथ भद्रा भी शुरू होकर रात 11.15 बजे तक रहेगी। पूर्णिमा तिथि 25 मार्च सोमवार को दोपहर 12.29 बजे तक है। भद्रा काल के बाद रात 11.15 बजे से 12.29 बजे तक होलिका दहन के लिए सर्वोत्तम समय रहेगा। इधर होलिका दहन की तैयारी कई दिनों पहले से की शुरू कर दी गई थी। होलिका दहन वाले स्थान पर लकड़ियां, उपले और अन्य जलाने वाली चीजों को एकत्रित किया गया, जिसे आज होलिका दहन के शुभ मुहूर्त पर विधिवत रूप से पूजन करते हुए होलिका में आग लगाई जाएगी, फिर होलिका की परिक्रमा करते हुए पूजा सामग्री को होलिका में डाला जाएगा।

### शहरभर में आयोजन

होली पर्व के तहत बालाजी मंदिर पुराना गंज चौक के पास ठंडी होली पूजन कल रविवार यानि 24 मार्च को सुबह 9.50 बजे तक होगी। इसके पश्चात सुबह 9.55 बजे से भद्रा लगेगा। होलिका दहन रात्रि 11.20 बजे होगा। इसके पूर्व रात्रि 8 बजे से हरिसत्संग भजन मंडली द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके अलावा भी शहर के लगभग सभी वार्डों में एक से दो स्थानों में छोटे-बड़े होलिका दहन के आयोजन किए जा रहे हैं।



### रवि-सर्वार्थ सिद्धि योग

होलिका दहन के लिए रात 11 बजकर 15 मिनट से देर रात 12 बजकर 29 मिनट के मध्य करीबन 1 घंटा 14 मिनट का शुभ समय प्राप्त होगा। इस बार होलिका दहन के दिन सर्वार्थ सिद्धि योग और रवि योग बन रहा है। सर्वार्थ सिद्धि योग सुबह 7.34 बजे से अगले दिन सुबह 6.19 बजे तक है। वहीं रवि योग सुबह 6.20 बजे से सुबह 7.34 बजे तक है।

### त्यौहार से पहले पुलिस ने कसी कमर, फील्ड पर सख्ती दिखाने निर्देश

# होली में हुड़दंग रोकने एक हजार जवान होंगे तैनात, दर्जनभर पेट्रोलिंग पार्टी रखेगी नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रंगों के पर्व होली में हुड़दंग मचाने वाले बदमाशों पर लगाम रखने के लिए पुलिस विभाग ने भी अपनी तैयारी कर ली है। शहर के साथ ही जिलेभर में पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए करीबन एक हजार पुलिस कर्मियों को फील्ड पर तैनात रखा जाएगा। दर्जनभर पेट्रोलिंग पार्टियों को भी चप्पे-चप्पे पर नजर रखने की जिम्मेदारी दी जाएगी। वहीं पुलिस विभाग के आला अफसर भी लगातार मॉनिटरिंग करते रहेंगे।

उल्लेखनीय है कि होली पर्व के दौरान शराब की बिक्री के साथ ही हुड़दंग की संभावनाएं भी बढ़ जाती है। पिछले कुछ सालों के अनुभव को देखा जाए तो होली के दौरान कई स्थानों में मारपीट जैसी शिकायतें सामने आती है। ऐसे में किसी बड़ी वारदात से बचने के लिए जिले के एसपी मोहित गर्ग ने सभी थानों को सख्त हिदायत दे दी है।

शराब की अवैध बिक्री पर लगाम रखने के साथ ही हुड़दंग मचाने वाले लोगों को तत्काल गिरफ्तार करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा बीते एक सप्ताह के दौरान अलग-अलग थानों ने अपने इलाकों के गुंडा-बदमाशों को बुलाकर त्यौहार व चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

**पर्व से पहले पुलिस ने ली शांति समिति की बैठक**



### दो पहिया पेट्रोलिंग पार्टी भी तैनात

पुलिस विभाग से मिली जानकारी के अनुसार चार पहिया पेट्रोलिंग पार्टी के साथ ही आधा दर्जन से अधिक टीमें दोपहिया पर तैनात की गई है। दो पहिया वाहनों में पेट्रोलिंग करने वाली पार्टियों को विशेष तौर से उन इलाकों में नजर रखने कहा गया है, जहां पर चार पहिया से जाना संभव नहीं है। इसके साथ ही सभी पेट्रोलिंग पार्टियों को अलग-अलग जोन में बांट दिया गया है। जिससे हर क्षेत्र में बराबर मॉनिटरिंग की जा सके।

### शराबियों पर रहेगी नजर, अवैध बिक्री पर कसा जाएगा शिकंजा

होली पर्व के दिन भले ही शराब दुकानों में ताला लटका रहे, लेकिन मदिराप्रेमी इससे पहले ही अपनी व्यवस्था कर लेते हैं। होली से पहले लगभग 50 फीसदी की बढ़ोत्तरी शराब बिक्री में देखने को मिलती है। अधिक संख्या में लोगों के शराब सेवन करने से सड़क हादसों सहित मारपीट की संभावनाएं अधिक हो जाती है। यही कारण है कि एसपी श्री गर्ग ने सभी थानेदारों को शराबियों पर विशेष नजर रखने कहा है। ड्रिंक एंड ड्राइव के साथ ही शराब पीकर चौक-चौराहों पर हल्ला मचाने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# अभियान चलाकर पुलिस की कार्रवाई, दस पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

होली पर्व एवं आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने असामाजिक तत्व व अवैध रूप से शराब बिक्री एवं परिवहन करने वालों के खिलाफ धरपकड़ अभियान तेज कर दिया है। जिसके तहत अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई की गई है।

आगामी लोकसभा चुनाव और होली त्यौहार को मद्देनजर रखते कानून व्यवस्था कायम रखने हेतु अवैध रूप से शराब बिक्री एवं परिवहन पर अंकुश लगाने व कड़ी कार्रवाई करने तथा असामाजिक तत्वों के विरूद्ध चलाए जा रहे सतत अभियान के तहत पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जिले के समस्त थाना व चौकी प्रभारियों को सख्त कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया है।

जिसके तहत 22 मार्च को थाना कोतवाली, बसंतपुर, लालबाग, डोंगरगढ़, घुमका, छुरिया एवं ओपी चिचोला, सुरगी पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री के मामले में 10 प्रकरणों में 10 आरोपियों के कब्जे से अंग्रेजी, देशी प्लेन, महुआ शराब कीमती 19360 रुपए एवं बिक्री रकम 1270 रुपए जुमला कीमती 20,630 रुपए जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध अपराध धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

साथ ही असामाजिक तत्वों के विरूद्ध थाना कोतवाली, बसंतपुर, लालबाग, घुमका, गैंदाटोला, डोंगरगढ़, छुरिया एवं ओपी सुरगी, चिचोला पुलिस द्वारा 151/107, 116 के तहत 9 प्रकरणों में 29 व्यक्तियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## खबर संक्षेप

### सुरेन्द्र दास को मिली पुलिस सुरक्षा



**राजनांदगांव।** कांग्रेस के लोकसभ प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सामने कांग्रेस पार्टी को लेकर अपनी भड़ास निकालने से सुर्खियों में आए जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष सुरेन्द्र दास वैष्णव को उनकी मांग पर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था मुहैय्या कराई है। उल्लेखनीय है कि पिछले 21 मार्च को श्री वैष्णव ने एसपी को एक पत्र सौंपकर यह कहा था कि खुटेरी में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान उनके द्वारा दिए गए संबोधन के सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद से कई प्रकार की प्रतिक्रिया सामने आ रही है। जिससे वे और उनका परिवार असुरक्षित महसूस कर रहा है। उनके पत्र पर पुलिस ने उन्हें सुरक्षा मुहैय्या करा दी है।

### अवैध रूप से शराब परिवहन, दो पकड़ाए



**राजनांदगांव।** छुरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत अवैध रूप से शराब परिवहन करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़कर 100 पौवा गोवा स्पेशल व्हीस्की बरामद किया है। वहीं परिवहन में उपयोग किए गए मोपेड को भी जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के पास से नगदी रकम 15 हजार 200 रुपए भी जब्त किया गया है।

# कोचिए सहित उत्पात मचाने वाले 2 गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़कर 18 पौवा शराब बरामद किया है। वहीं दो अन्य लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

थाना कोतवाली क्षेत्र में अपराधों के नियंत्रण एवं आगामी होली त्यौहार व लोकसभा चुनाव के मद्देनजर निर्विघ्न, शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्रपूर्ण त्यौहार संपन्न कराने के उद्देश्य से असामाजिक तत्वों एवं वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत 23 मार्च को मुखबीर की सूचना पर घटनास्थल बीएनसी मिल के पास घेराबंदी रेड कार्रवाई कर आरोपी मुकेश जंघेल 38 वर्ष मोतीपुर के कब्जे से अवैध रूप से बिक्री कर लाभ अर्जित करने की नियत से रखे 18 पौवा देशी प्लेन शराब एवं शराब बिक्री के नगदी रकम 320 रुपए जुमला कीमती 1760 रुपए को जब्त कर कार्रवाई की गई।

पुलिस के अनुसार शहर के चौक-चौराहों में हुड़दंग कर उत्पात मचाने वाले आरोपी सूरज बांसफोड़ 37 वर्ष साकिन नया बस स्टैंड, हेमंत सिन्हा 29 वर्ष साकिन संजय नगर लखोली को धारा 151 जाफौ के तहत गिरफ्तार कर धारा 107, 116(3) जाफौ के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर माननीय कार्यपालिक दंडाधिकारी के न्यायालय में पेश किया गया।

# आज शहर में रहेंगे पूर्व सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



पूर्व मुख्यमंत्री और राजनांदगांव लोस से कांग्रेस प्रत्याशी बनाए गए भूपेश बघेल आज राजनांदगांव के दौरे में रहने वाले हैं। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल आधा दर्जन से अधिक कार्यकर्ता मिलन समारोह में शामिल होने वाले हैं। उनका पहला कार्यक्रम दोपहर एक बजे वार्ड क्रं. 51 हरदी में है। इसके बाद पेंड्री, इंदामरा, धनगांव, सुकुलदैहान, अलीवारा, भनपुरी और अंतिम कार्यक्रम शाम 6 बजे शहर के सतनाम भवन में आयोजित किया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रत्याशी बनाए जाने के बाद से ही पूर्व सीएम भूपेश बघेल लगातार लोस क्षेत्र के दौरा कर अपने समर्थन में लोगों से वोट मांग रहे हैं।

# पश्चिमी हवाओं के प्रभाव से चढ़ने लगा दिन का तापमान, प्रदेश में सबसे गर्म रहा डोंगरगढ़ शहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दक्षिण से आने वाली हवाओं के थमने से प्रदेश के मौसम में एक बार फिर से बदलाव देखने को मिल रहा है। आसमान के साफ होने के साथ ही पश्चिम दिशाओं से आने वाली हवाओं के चलते अंचल का तापमान फिर से चढ़ने लगा है। हालात यह है कि जिले का डोंगरगढ़ इस समय प्रदेश में सबसे गर्म शहर बना हुआ है। वहीं अगले 72 घंटे के भीतर तापमान के 2 से 4 डिग्री तक चढ़ने की संभावना जताई गई है।

उल्लेखनीय है कि एक सप्ताह पहले दक्षिण से आने वाली हवाओं के कारण मौसम में बदलाव देखने को मिला था। आंधी-तूफान के बीच प्रदेश के अधिकांश इलाकों में एक से दो दिन तक बेमौसम बारिश दर्ज की गई। हालांकि चार दिनों तक खराब रहने के बाद अब मौसम सुधर गया है और अंचल सहित प्रदेशभर में बारिश का दौर अब थम गया है। मौसम विभाग के मुताबिक मौसम साफ होने के साथ-साथ गर्मी भी बढ़ेगी। अगले 5 दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री तक की बढ़ोतरी होगी।

### एसी-कूलर की डिमांड

इधर गर्मी के दिनों की शुरूआत होते ही उससे राहत दिलाने वाले एसी, कूलर सहित फ्रिज की डिमांड बढ़ गई है। इलेक्ट्रानिक्स व्यापारियों के मुताबिक पिछले एक पखवाड़े के भीतर बुकिंग में इजाफा हुआ है। वहीं एसी लगवा चुके लोग अब उसकी सर्विसिंग कराने में जुटे हुए हैं। कूलर के निर्माताओं ने भी डिमांड को देखते हुए नए तरीके एवं सुविधाओं वाले कूलर बनाने पर जोर बढ़ा दिया है।



### हवाओं के प्रभाव से आ रही गर्म हवाएं

मौसम विभाग द्वारा रोजाना जारी किए जाने वाले मौसम बुलेटिन के अनुसार दक्षिण से आने वाले हवाओं का असर अब समाप्त हो चुका है। वहीं पश्चिमी हवाओं के प्रभाव बढ़ने के कारण प्रदेश में कल शनिवार से मौसम शुष्क रहने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में अगले दो दिनों तक क्रमशः लगातार वृद्धि होने की संभावना है।

### वापस 38 डिग्री पहुंचेगा तापमान

ज्ञात हो कि सप्ताहभर पहले अंचल का अधिकतम तापमान 38 डिग्री तक जा पहुंचा था। जिसमें मौसम में आए बदलाव के बाद गिरावट दर्ज की गई थी। अब मौसम के साफ होने के बाद फिर से अधिकतम पारा चढ़ने लगा है। शनिवार को अंचल का अधिकतम तापमान 35 डिग्री दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 18 डिग्री पर पहुंच गया है। डोंगरगढ़ में 38.8 डिग्री तापमान दर्ज किया गया, जो कि प्रदेश में सबसे गर्म शहर रहा।

## माय एंगल




संजीवनी
राजनांदगांव का एकमात्र
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
24 घंटे आपात चिकित्सा
• एक्सीडेंट • जहर का सेवन • लीवर फेलयर • किडनी फेलयर • हार्ट अटैक • ब्रेन हेमरेज • पीलिया • लकवा
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
• बच्चेदानी का ऑपरेशन • बांझपन का ईलाज • मासिक धर्म की अनियमितता का ईलाज • गर्भाशय संबंधी सभी प्रकार के रोगों का ईलाज • नार्मल व सीजिरियन डिलीवरी मात्र 10000/-
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

समदा
सुपर स्पेशलिटी अस्पताल
NABH मान्यता प्राप्त
डॉ. बी.सी. जैन MBBS, MS Surgery
डॉ. रोमिल जैन MBBS, MS Gastrosurgery (पेट, आंत, हर्निया, लिवर आदि का इलाज उपलब्ध)
डॉ. निखर जैन (MBBS, MS Surgery, Mch Urology) (मूत्र रोग विशेषज्ञ, पथरी आदि का इलाज उपलब्ध)
उपलब्ध सुविधाएँ....
★ हड्डी रोग ★ फ्रैक्चर इलाज
★ स्त्री रोग ★ डिलीवरी
★ पेट-आंत संबंधित ★ पथरी
★ लिवर ★ किडनी ★ स्किन
★ चमड़ी रोग ★ डेंटल ★ दाँत-मसूड़े
★ मेडिसिन ★ न्यूरोसर्जरी ★ सोनोग्राफी
★ एक्स-रे सुविधा उपलब्ध है...
- अपॉईंटमेंट हेतु संपर्क करें -
आयुष्मान कार्ड से मुफ्त इलाज
7744356654, 8103256538
स्टेडियम रोड, बसंतपुर चौक, राजनांदगांव (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### फाग एवं झांकी प्रतियोगिता 26 को

**डोंगरगांव।** ग्राम सांगिनकछार में एक दिवसीय फाग एवं झांकी प्रतियोगिता आयोजन आगामी 26 मार्च को रखा गया है। श्री राधा कृष्णा नवयुवक फाग समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता में विजेताओं को झांकी पक्ष में क्रमशः 3001, 2500, 2000, 1500, 1000, 500 रुपए, रचना पक्ष में 2500, 2000, 1500, 1000, 700, 500 एवं प्रथम मंचस्थ मंडली को 501 रूपए दिया जाएगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष चंद्रकांत वर्मा, कोषाध्यक्ष रोशन वर्मा, संचालक तिलक सेन ने अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### स्कूल में न्यौता भोज



**बांधाबाजार।** प्राथमिक शाला मांझीटोला में गत दिनों नेवता भोज एवं कक्षा पांचवी के छात्रों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। रामदास ठौरे, हृदय कोमरे, नरेश साहू, परमेश्वर साहू तथा अजय उसारे द्वारा आयोजित नेवता भोज में बच्चों को चावल, सब्जी, पापड़, खीर, पुड़ी, अचार, सलाद खिलाया गया। इस मौके पर मनसुख बसु, मिलनसिंह परतेती, सुभाष परतेती, शत्रुघ्न कोमरे, शिव कुमार, दामि बाई, कुमारी बाई आदि उपस्थित थे।

### जुमला साबित हो रहे सरकार के वादे: सुरेश

**डोंगरगढ़।** ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस



अध्यक्ष सुरेश सिन्हा ने केन्द्र की भाजपा सरकार पर जनता और विपक्ष की आवाज दबाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार केवल अपने लाभ के लिए काम कर रही है जिसका ताजा उदाहरण इलेक्ट्रॉल बॉन्ड है जिसका खुलासा सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद हुआ। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने रेलवे को पैसेंजर ट्रेन रद्द कर माल गाड़ी चलाने को लेकर फटकार लगाया है। उन्होंने कहा कि राज्य में सरकार बदलने के बाद नया राशन कार्ड बनना बंद हो गया है । उपस्वास्थ्य केन्द्र में नर्स, डाक्टर नहीं है। गर्भवती महिलाओं को डिलवरी के लिए शहरों के अस्पताल जाना पड़ रहा है। सभी को पक्का मकान, हर घर जल, हर गांव तक सड़क, पांच सौ में रसोई गैस का वादा चुनावी जुमला बनकर रह गया है।

### जनसामान्य से विहिप बजरंग दल की अपील

**राजनांदगांव।** विहिप बजरंग दल के गौरक्षा प्रमुख अंशुल कसार ने



बताया कि सनातनियों के प्रमुख त्यौहार होली आ चुकी है। जिसमें धूमधाम से रंग-गुलाल और पिचकारी से त्यौहार का आनंद लिया जाता है। वहीं चौक-चौराहों, कालोनियों में यह भी देखा गया है कि त्यौहार के आनंद में कुछ बालक अति उत्साहित होकर गौवंशों और मूकजीवों जैसे कुत्ते, बिल्लियों को रंग लगा देते हैं। मानव तो घर जाकर रंग छुड़ा लेता है, परंतु ये जीव कहां जाए? जिसके बाद रंग इनकी त्वचा पर लगे होने के कारण गहरा विपरीत प्रभाव छोड़ देता है।

### खंभो व तारों के नीचे होली नहीं जलाने अपील

**राजनांदगांव।** नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने नागरिकों से अपील की है कि होलिका दहन के लिए हरे-भरे पेड़, पौधों की कटाई नहीं की जानी चाहिए, बल्कि इसके लिए सूखी एवं बेकार पड़ी लकड़ी इस्तेमाल करनी चाहिए। जिससे पर्यावरण को संरक्षण प्रदान किया जा सके।

उन्होंने नागरिकों से होलिका दहन पक्की डामरीकृत सड़कों तथा विद्युत खंभो एवं तारों के नीचे नहीं करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि सड़कों पर होलिका दहन से सड़कें खराब होगी और राशि का अपव्यय होगा।

## भाजपा पार्षदों ने शिकायत की, जांच और कार्रवाई की मांग

# मुक्तिधाम का उन्नयन हुआ नहीं और कर दिया भुगतान

### शासन की राशि का जमकर दुरूपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर के वार्ड 6 के मुक्तिधाम में 14 लाख 83 हजार की लागत से उन्नयन कार्य कराया गया है। कार्य और भुगतान के बाद कई कार्य मौके पर नजर नहीं आ रहे हैं। इस मामले को लेकर भाजपा पार्षदों ने मोर्चा खोलते हुए शिकायत किया है।

जानकारी के अनुसार उक्त कार्य का वर्क आर्डर 16मार्च 2023 को जारी किया गया था। ठेकेदार को मुक्तिधाम में कम्पोज पिट, बर्निंग पिट, पेवर ब्लाक, गार्डन में 10 नग चेयर, 21 नग लाईटिंग खम्बा, बाथिंग स्पेश एवं प्लांटेशन करवाना था। कार्य पूर्ण होने के बाद मूल्यांकन लोहारा के इंजीनियर ख़लिानंद कुल्हारे ने किया। ठेकेदार को 11 लाख का भुगतान कर दिया गया है। मुक्तिधाम में कहीं भी प्लांटेशन नजर नहीं आ रहा है। बॉथिंग स्पेश के लिए बनाई गई दीवार में बड़ी दरार आ गई है। मुक्तिधाम में खंभे तो लगे हैं किन्तु लाइट नहीं जल रही है। कम्पोजिट पिट में दरारें आना आरंभ हो गया है। शव दाह करने वाले स्थान में लगा टीन शेड जर्जर हो चुका है।



**स्टीमेट के आधार पर हुआ काम**

नगर पंचायत अध्यक्ष चेतन देवांगन का कहना है कि वार्ड 6 मुक्तिधाम में प्रशासनिक स्वीकृति के उपरांत टेंडर हुआ था। स्टीमेट के आधार पर काम हुआ है। आरोप निराधार है।

**भाजपा पार्षदों ने की शिकायत**

भाजपा पार्षदों एवं भाजपा उपाध्यक्ष ने गत दिनों सीएमओ से शिकायत करते हुए बताया कि मुक्तिधाम उन्नयन के कार्य में शासकीय राशि का दुरुपयोग किया गया है। उन्होंने शिकायत में बताया कि मुक्तिधाम में एक-एक मीटर की दूरी पर पोल एवं लाइट लगाया गया है। शवगृह पर लगा टीन उखड़ गया है, या नष्ट हो गया है, उसे नहीं लगाया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्नयन की के आड़ में मात्र लाइट लगाया गया है। लाइट में वायरिंग तक नहीं हुआ है। सभी कार्य अधूरे हैं। इंजीनियर ने लाइट कितनी दूरी पर लगाना है, का निर्धारण नहीं किया गया। वायरिंग नहीं होने से लाइट बंद है। कार्य अपूर्ण होने के बाद भी नगर पंचायत ने राशि का भुगतान कर दिया है। भाजपा पार्षदों में अपनी शिकायत कलेक्टर एवं संयुक्त संचालक को भी प्रेषित किया है। शिकायतकर्ताओं में नगर पंचायत उपाध्यक्ष जाबिद खान, निर्मला टुम्मन साहु, पार्वती पटेल, यतीश कुंजाम, निराशा कुर्रे, चंद्रिका नामदेव, पूर्णिमा कुंजाम शामिल है।



# पूर्व विधायक के गांव की महिलाएं राशन से वंचित

### राशन वितरण में भेदभाव करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

पूर्व विधायक छन्नी साहू के गृह ग्राम पैरीटोला की लगभग 40 से 45 महिलाओं को बीते 2- 3 महीने से सरकारी राशन नहीं मिल रहा है। लगातार राशन से वंचित होने के बाद प्रभावित महिलाओं ने जनपद सीईओ नारायण बंजारा को ज्ञापन सौंप कर अपनी पीड़ा बताया है।

शिकायतकर्ता महिलाओं ने बताया कि उन्हे सरकारी राशन दुकान से बीते 2 से 3 माह से राशन नहीं मिल रहा है जिससे उन्हे भरण पोषण की समस्या से जूझना पड़ रहा है। इस संबंध में जब भी दुकान संचालक से पूछा जाता है तो वह टका सा जवाब देता है कि चावल आएगा तभी देंगे बोलता है। महिलाओं ने बताया कि जिनको राशन उपलब्ध होने की पहले जानकारी मिलती है उन्हे तो चावल मिल जाता है। विलंब से दुकान जाने पर राशन नहीं मिलता। उन्होंने बताया कि दुकान में राशन आने की मुनियादी भी नहीं कराया जाता जिससे ग्रामीणों को जानकारी नहीं मिल पाती है और वह राशन से वंचित हो जाते हैं।

**जनपद पहुंची महिलाएं**

सीईओ को ज्ञापन सौंपने के लिए पैरीटोला की कोमलबाई साहू, कुलेसा बेगम, देवकी कंवर, कमला बाई विश्वकर्मा, अमीदा बेगम, मीना बेगम, हेमिनबाई साहू, अहिल्याबाई साहू, सोनबती कंवर, मोतीमबाई साहू, दिनेश्वरी मेश्राम, दीपिका कुलदीप, पूर्णिमा कंवर, दुलौरीन कंवर, भानबाई कंवर, ललिता बाई, सरिता कंवर, उर्मिला साहू, मीराबाई कंवर, सुनीता बाई साहू, गायत्री बाई साहू, कलेंद्री धमगाये, बिंदा कंवर, हेमबती साहू, बीरम बाई कंवर, जयता बाई कंवर, सावित्री बाई कंवर, सबाना यादव, सरस्वती कंवर, तुलसिया बाई, पुनीता ओटी, लीला साहू, लीलाबाई साहू, सुखनतीन बाई कंवर, दुखिया बाई नेताम, परमिला बाई कंवर, यशवंतीन बाई साहू, सीमा साहू, गीता बाई मंडावी, योगेश्वरी साहू, पार्वती सलामे, भुनेश्वरी सेन, बुधनतीन कंवर, गंगाबाई गोड आदि ने जनपद कार्यालय छुरिया पहुंची थी।



### श्रद्धा से निकाली क्रुस यात्रा

**डोंगरगढ़।** कैथोलिक चर्च डोंगरगढ़ के तत्वावधान 22 मार्च को कलवारी पहाड़ में क्रूस यात्रा का आयोजन किया गया। मुख्य अनुष्ठान दाता के रूप में रायपुर महा धर्म प्रांत के महाधर्माध्यक्ष विक्टर हेनरी उपस्थित थे। सचिव सेवियर फिलिप ने बताया कि प्रभु येसु के बलिदान की याद में गुडफ्राइडे के एक सप्ताह विभिन्न प्रदेशों के विश्वासी कलवारी पहाड़ में उपस्थित होते हैं तथा सामूहिक रूप से क्रूस का रास्ता एवं प्राथना सभा होती है। इस वर्ष कार्यक्रम में लगभग 7 हजार लोग उपस्थित हुए।

## फाग एवं झांकी स्पर्धा आयोजित



**घुमका।** होली को देखते हुए गांव-गांव में फाग एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में गत दिनों सहसपुर दल्ली क्रे बजरंग चौक में नवदीप फाग भजन मंडली ने फाग गायन एवं झांकी प्रतियोगिता आयोजन किया। शुक्रवार के आरंभ में श्री गणेश की स्तुति कर देवी देवताओं की पूजा अर्चना व्यास नारायण तिवारी ने कराया। कार्यक्रम में ठाकुर इंद्रपाल सिंह, प्रदीप वर्मा, पीयूष दुबे, धर्म साहू, खेमचंद साहू, देवलाल साहू, जीवराखन नेताम, शिवराज सिंह शामिल हुए।

आयोजक नवदीप फाग भजन मंडली ने फाग गायन की प्रस्तुति दी। समिति के गीतेश सिन्हा ने बताया कि प्रतियोगिता में 30 टीमें भाग ले रही है। परिणाम कल रविवार को घोषित कर विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।

# हर बूथ में जी-तोड़ मेहनत करें कार्यकर्ता

### भाजपा का विधानसभा स्तरीय सम्मेलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

आगामी लोकसभा चुनाव के मददेनजर ग्राम पंचायत मुढिया मोहारा में भाजपा ने विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया। कार्यक्रम में लोकसभा प्रभारी नारायण चंदेल, सांसद संतोष पांडे, भाजपा महामंत्री रामजी भारती, भरत वर्मा, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, दिनेश गांधी, सुरेन्द्र सिंग बन्नौआना, मूलचंद लोधी ने केन्द्र में भाजपा की सरकार बनाने कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलाया। अतिथियों ने कांग्रेस की वादाखिलाफी, भ्रष्टाचार को प्रमुखता से उठाकर केन्द्र की



योजनाओं को क्रियान्वित नहीं करने का आरोप लगाया। श्री चंदेल एवं श्री पांडे ने जुआ, सट्टा एवं शराब का मामला उठाते हुए विकसित भारत की परिकल्पना को आम मतदाता तक पहुचाकर कार्यकर्ताओं को हर बुथ में मेहनत करने कहा।

कार्यक्रम में शशिकांत द्विवेदी, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, किरण साहू, अमित जैन, प्रकाश चौरड़िया, उमा सिन्हा, जैन मेश्राम, संतोष जैन, वंदना टांडेकर, प्रतीक्षा भंडारी, लखन चंदेल, शैलेष महोबिया, रवि अग्रवाल, महेन्द्र भाई पटेल, महेन्द्र वैष्णव, सुनील जैन, कन्हैया वर्मा, कमलेश काले, मोंटीसिंह, खोरबहारा सिन्हा, रमन डोंगरे, हरिश भंडारी, किशन राठौर, सत्यप्रकाश मिश्रा, गिरिश साहू, पप्पू नामदेव, विनय बिंदल, सुमित यादव, उपकार साहू, जसमित सिंह बन्नौआना, बिसेसर साहू सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## पर्यटन समिति में मूलचंद शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

जिला भाजपा उपाध्यक्ष मूलचंद लोधी को रामलला के दर्शनार्थ बनाई गई जिला स्तरीय समिति में शामिल किया गया है। प्रभारी मंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर गठित समिति में कलेक्टर इको अध्यक्ष बनाया गया है।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालिका अधिकारी को सचिव नियुक्त किया गया है। समिति में पुलिस अधीक्षक, समाज कल्याण विभाग के संयुक्त संचालक, मुख्य



चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के साथ मूलचंद लोधी को सदस्य बनाया गया है। ज्ञातव्य है कि पर्यटन विभाग ने स्थानीय निवासियों को अयोध्या धाम की यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। अयोध्या की यात्रा के लिए समुचित व्यवस्था करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है।

## लोगों को लुभा रही डंडा नृत्य की प्रस्तुति



**गंडई पंडरिया।** होली के कुछ दिनों पहले विभिन्न टोलियो का आगमन नगर में होता है। गंडई से लेकर पंडरिया तक घर घर जाकर यह टोलियां पारम्परिक डंडा नृत्य करती है। यह लोग टुहु-टुहु की आवाज निकालत है जो सभी को आकर्षित करती है। पहले ग्रामीणों की टोली विभिन्न रंग की कपड़े धारण कर नृत्य प्रस्तुत करते थे किन्तु बीते कुछ वर्षों से टोलियां एक रंग की वेशभूषा में प्रस्तुति देती है। गत 23 मार्च को ढुल्लापुर से पीले वस्त्र धारण कर मादर, मंजीरा की धुन में डंडा नृत्य की प्रस्तुति देनेरामायण पटेल, देवनाथ पटेल, अलख पटेल, परेट पटेल, मनहरण पटेल, बल्लू पटेल, मदरिया पटेल, सीतालाल पटेल पहुंचे थे।

## सुरक्षाबल ने गांवों में किया उपयोगी सामनों का वितरण




हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल की 40 वी वाहिनी ने 23 मार्च को सेनानी अनंत नारायण दत्ता के मार्गदर्शन, उप सेनानी शैलेश, सहायक सेनानी संजय सिंह चौहान, निरीक्षक बरमेश्वर खरवार, संजय सिंह ने सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया।

कार्यक्रम में छिन्दरी और भाटापारा गांव के जरूरतमंद लोगों को दैनिक उपयोग एवं कृषि संबंधी उपकरण जैसे सिलाई मशीन, वाटर फिल्टर, वाटर टैंक, गैंती, फावड़ा, खुरपी का वितरण किया। सिविक एक्शन प्रोग्राम का ग्रामीणों ने बढ़चढ़कर लाभ उठाया। इस मौके पर जयंती बाई वर्मा, हरिसिंह, कंवलसिंह, पुलिस बल के पंकज सिंह राठौड़, नवदीप, नरेश, शिव प्रताप, शशि, विकास कुमार, मतिहास डुंगडुंग, दौलतराम, मेहरबान सिंह, नरेंद्र लाल, सुरेश शर्मा, चांदी प्रसाद, उमेश चंद, अनिल कुमार, बप्पा, रितेश, नितेश, अरुण सिंह, विकाससिंह आदि शामिल हुए।

### कर्मचारी संगठन की पहल

# नए सीएमएचओ से मुलाकात कर कर्मचारी हित की मांगों को रखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्वास्थ्य विभाग में कुछ दिन पहले फेरबदल किया गया है। जिसमें नए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के रूप में डॉ. नेतराम नवरतन ने पदभार संभाला। सीएमएचओ के पदभार संभालने के बाद छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने पौधा भेंट कर औपचारिक स्वागत व मुलाकात किया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से मुलाकात पश्चात कर्मचारियों ने स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न विषयों पर विशेष चर्चा करते मांग रखा है कि जिले में तत्कालीन सीएमएचओ द्वारा अनेक



कर्मचारी को नियम विरुद्ध दूसरे जिला के कर्मचारियों को संलग्नीकरण किया गया है, उसे निरस्त करने की मांग किया है। साथ ही लखेश कुमार पदमे का स्टोर कीपर के रूप में पिछले एक वर्ष से पदोन्नति उपरान्त भी उन्हें चार्ज नहीं दिया गया है।

वहीं इस पद फार्मासिस्ट ग्रेड-2 पर पदस्थ कर्मचारी द्वारिका प्रसाद साहू को दिया गया है, जिसे हटाते योग्य कर्मचारी देने की मांग किया है। वहीं जिले में चतुर्थ कर्मचारियों को नियमानुसार पदोन्नति करने की मांग करते जिले में लंबे समय से खाली पदों पर नियमित भर्ती करने की मांग रखे। इसके साथ ही एनएचएम में खाली पदों पर भर्ती करने सीएमएचओ से आग्रह किया गया। इस अवसर पर केपी साहू प्रांतीय सचिव, भोजकुमार साहू प्रांतीय संयुक्त सचिव, सत्यम हुमने संभागीय सचिव, पीके साव संभागीय महामंत्री, प्रभंजन सोनी, विशाल खत्री, घनश्याम साहू, जशवंत कोढापे, कोमल साहू, लखेश पदमे, विपिन रामटेके सहित छग प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## गंज लाइन से भी गुजरेगी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्री सत्यनारायण मंदिर समिति द्वारा आयोजित रंगोत्सव की शोभायात्रा 25 मार्च को सुबह 9 बजे श्री सत्यनारायण मंदिर से प्रारंभ होगी।

शोभायात्रा मंदिर से भारत माता चौक, आजाद चौक, मानव मंदिर चौक, गांधी चौक से गौशाला पारा होते हुए तेलीपारा से श्री महालक्ष्मी मंदिर, श्रीरामदेव मंदिर, उदयाचल के सामने से होते हुए पुराना गंज मंडी स्थित बालाजी के मंदिर से गंज लाइन, तिरंगा चौक, रामाधीन मार्ग, श्री श्याम मंदिर गली से वापस कामठी लाइन स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर पहुंचेगी। मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया, भवन व्यवस्थापक नीतीश अग्रवाल, संतोष सिंघल, सहसचिव रामावतार जोशी ने जानकारी दी है कि यह मार्ग परिवर्तन गंज लाइन एवं रामदेव मंदिर मार्ग के अनेक भक्तों द्वारा मांग किए जाने पर मंदिर समिति द्वारा किया गया है। समिति ने उक्त परिवर्तन किए गए मार्ग के भक्तों से आग्रह किया है कि भगवान राधाकृष्ण एवं ग्वाल बाल भक्तों के स्वागत अभिनंदन हेतु तैयारी कर लें।

**पाठक सूचना**

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

## खबर संक्षेप



### साइंस कॉलेज में मनाया गया विश्व वानिकी दिवस

**राजनांदगांव**। शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव में रासेयो के तत्वावधान में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम के तहत 21 मार्च को विश्व वानिकी दिवस प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल के मार्गदर्शन में मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल ने कहा कि प्रतिवर्ष 21 मार्च को पेड़ों के महत्व के विषय में जनजागरूकता फैलाने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ''विश्व वानिकी दिवस'' मनाया जाता है। सन-1971 में यूरोपीय कृषि संगठन की 23वीं आमसभा में यह फैसला किया गया, बाद में संयुक्त राष्ट्र खाद्य व कृषि संगठन ने भी पेड़ों के महत्व के विषय में जनजागरूकता फैलाने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विश्व वानिकी दिवस मनाने पर अपनी सहमति दी। रासेयो अधिकारी डॉ. एसआर कन्नोजे ने कहा कि पिछले कुछ दशकों में मनुष्य ने अपनी लालच की पूर्ति के लिए जंगलों की कटाई शुरू कर दिया है। उससे जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग, ग्लेशियर का पिघलना जैसे विकट समस्याएं पैदा हुई है, अगर हमने अभी भी ध्यान नहीं दिया तो समस्त प्रकृति व जीव खतरे में पड़ जाएंगे। गणित विभाग के परमेश्वर वर्मा ने कहा कि मानव को ऑक्सीजन पेड़-पौधों से से मिलती हैं। पेड़ो की कटाई से जंगलों की कमी हो रही है। समस्या से निपटान हर व्यक्ति खाली जगह पर पौधे लगाएं, जहां हरियाली होती है, वहीं खुशहाली होती है, पेड़-पौधे है जीवनदाता, प्राणवायु और वर्षा लाता। इस अवसर पर डॉ. श्रुति सोनी व विद्यार्थीगण शामिल थे।

### व्याख्याता एलबी संघ ने जताई नाराजगी

# पदोन्नति को लेकर शिक्षा विभाग का दोहरा मापदंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी पद के लिए व्याख्याता को अपात्र मानने को छग व्याख्याता एलबी संघ ने शासन का दोहरा मापदंड बताया है। प्रांताध्यक्ष कमलेश्वर सिंह, जय प्रकाश साहू, सुनील कुमार गुनी, डॉ.संजय सिंह, नितेश पांडेय, कमलेश पटेल, बंश बिहारी बनाफर, दीपक राय, मोहन उपाध्याय, स्वारथ जयसवाल, अनिल गुप्ता, अंनुजय वैश्य, शशिभूषण शर्मा, संजय शर्मा, मंजूषा तिवारी, वेदराम साहू, जावेद खान, सुरेंद्र खुटे, नवीन खरे सहित अन्य ने कहा कि छग स्कूल शिक्षा विभाग शैक्षिणक व प्रशासनिक संवर्ग भर्ती और पदोन्नति नियम 2019 नियम 6 अनुसूची-दो के सरल क्रमांक 17 मे रिक्त बीईओ के पद पर 25 प्रतिशत एबीईओ को वरिष्ठता क्रम मे पदोन्नति देने का उल्लेख किया गया है जिसके चलते शासन ने 15/16 में 46 एबीईओ को बीईओ के पद पर पदोन्नति दिया है। उन्होने कहा कि अनुसूची दो के सरल क्रमांक 18 में व्याख्याताओं को कुल रिक्त प्राचार्य के पद पर 10 फीसदी सीधी भर्ती से, 90 फीसदी पदोन्नति से जिसमें 70 प्रतिशत ई संवर्ग और 30 प्रतिशत व्याख्याता एलबी संवर्ग से किया जाना है। इसमे ई संवर्ग के फीडिंग कैडर में पात्र अभ्यर्थियों नहीं होने पर प्राचार्य के रिक्त पदो पर एलबी से पदोन्नति दी जाएगी जबकि शेष 25 प्रतिशत प्रधानपाठक पूमाशा से पदोन्नत किया जाना है।

#### नियमों के अनुपालन में भेदभाव कर रहा विभाग

छग व्याख्याता एलबी संघ सदस्यों ने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग ने नियम 6 अनुसूची दो के पालन में एबीईओ को बीईओ बना दिया परन्तु इसी नियम के अनुसार व्याख्याता ई/टी संवर्ग और व्याख्याता ई/टी एलबी संवर्ग को प्राचार्य पद पर पदोन्नति देने से बच रहा है। उन्होंने कहा कि विभाग नियमों का पालन करता तो आज सभी स्कूलों मे पूर्णकालिक प्राचार्य काम कर रहे होते। लगभग 28 सौ से ज्यादा प्राचार्य के रिक्त पद होंगे तो उसके बनिस्बत 4 से 5 हजार व्याख्याता 20 साल से अधिक का अनुभव लिए हुए है। पदोन्नति नियम का अनुपालन करने से प्राचार्य भी बीईओ के लिए निर्धारित अर्हता पा लेते। पदोन्नति नियम 6 अनुसूची दो के सरल क्रमांक 10 मे उपसंचालक, डीईओ के पद पर 25 प्रतिशत सीधी भर्ती से और 75 प्रतिशत प्राचार्य को पदोन्नति से भरना है लेकिन यहां भी शासन संवेदनशील नहीं है। यदि नियमानुसार निर्धारित समय अवधि मे सभी वर्गो को पदोन्नति दी जाती तो स्कूल से लेकर उच्च कार्यालयों में प्रभारवाद खत्म हो जाता। शिक्षा विभाग में प्रशासनिक कसावट आता। संघ सदस्यों ने कहा कि शासन प्रभारवाद की संस्कृति को समाप्त करने गंभीरता नही बरत रहा है। उन्होंने एक ही विभाग में भेदभाव को समाप्त करते हुए प्राचार्य, उपसंचालक, डीईओ के पद पर पदोन्नति देने की मांग की है ताकि प्राचार्य, बीईओ और डीईओ के पद पर प्रभारवाद की परंपरा समाप्त हो।

# हिंदी निदेशालय के कार्यक्रम में शामिल हुए प्रो राजन यादव



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

इंदिरा कला संगीत विवि के हिंदी विभागाध्यक्ष व कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो डॉ राजन यादव केन्द्रीय निदेशालय नई दिल्ली द्वारा आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय विशेषज्ञ के रूप में शामिल हुए। हिंदी के प्रचार-प्रसार को लेकर हिंदीतर भाषी क्षेत्रों के विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और स्वैच्छिक हिंदी संस्थाओं के छात्र-छात्राओं को हिंदी का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने, हिंदी विद्वानों, हिंदी के स्थानीय साहित्यकारों व संस्कृति से परिचित कराने के लिए केंद्रीय निदेशालय द्वारा आयोजित तीन दिनी आयोजन मे विषय विशेषज्ञ प्रो यादव विषय ने छत्तीसगढ़ी लोक साहित्य के बारे में जानकारी दी। उन्होंने हरियाणवी, बांग्ला, भोजपुरी, बुंदेली और अवधी लोकगीतों के साथ छत्तीसगढ़ी लोक गीतों में वर्णित राष्ट्रीय व एकत्व भाव को सोदाहरण व्यक्त किया वही प्रश्नोत्तर क्रम में हिंदी पाठ्यक्रम संबंधी प्रश्नों का उत्तर दिया। गौरतलब है कि संगीत विवि के प्रो राजन यादव भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय के हिन्दी सलाहकार समिति के गैर सरकारी सदस्य हैं जिसमें पूरे भारत वर्ष से तीन साहित्यकारों या हिन्दी सेवियों को गृह मंत्रालय द्वारा नामित किया गया है।

सत्राध्यक्ष प्रो भूपेंद्र पटेल प्राचार्य शासकीय कालेज नवागढ ने भी सारगर्भित जानकारी दी। इस दौरान निदेशालय की सहायक निदेशक डॉ किरण झा, डॉ सविता यादव, प्रो योगेश टंडन, प्रो आकांक्षा गोपाल, मनीषा अवस्थी, प्रो किरण यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन व आभार व्यक्त डॉ हीरालाल शर्मा विभागाध्यक्ष हिन्दी पं सुन्दरलाल शर्मा मुक्त विवि बिलासपुर ने किया।

# कलेक्टर एवं एसपी मानपुर, औंधी क्षेत्र का किया दौरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कलेक्टर एस जयवर्धन एवं पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह गत दिवस मानपुर, औंधी क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने कहगांव में कोतरी नदी में बन रहे पुल का निरीक्षण किया।

यह पुल राष्ट्रीय राजमार्ग 930 पर निर्माणाधीन है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्माण एजेंसी को उच्चगुणवत्ता के साथ तकनिकी मापदंडो का पालन करते हुए शीघ्र निर्माण करने के निर्देश दिये है। कलेक्टर एवं एसपी ने स्थल मुआयना करते हुए निर्माण की स्थिति से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने मानपुर विकासखंड मोरचुल में मतदान केंद्र का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्था हेतु संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम मानपुर अमित नाथ योगी, तहसीलदार श्रीमती रीना मरकाम जनपद सीईओ मोहम्मद हनीश खान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## कॉलेज में मना होली उत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय कालेज के एमएससी और एमए स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं ने मस्ती भरे माहौल में जोरदार रंग गुलाल उड़ाकर होली उत्सव मनाया। विश्वविद्यालयीन परीक्षा को देखते हुए स्टुडेंट्स ने छात्रसंघ प्रभारी जेके वैष्णव सहित शैक्षणिक व कार्यालयीन स्टाफ को रंग गुलाल लगाकर आशीर्वाद लिया और रंगोत्सव की बधाई दी। इस दौरान कालेज स्टाफ सहित सुनील वर्मा, नेमचंद वर्मा, नीलेन्द साहू ,पूजा राजपूत, कीर्ति साहू, अंजू मंडावी, जितेन्द्र कौशल, आयुषी कुर्रे, नेहा पवार, मनीषा जंघेल सहित बड़ी संख्या में स्नातकोत्तर छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# बूथों को यथावत रखने की मांग

- ग्रामीण मतदाताओं ने रखी अपनी बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ औंधी



मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले के नवीन तहसील औंधी के अति घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में आगामी लोकसभा चुनाव बहिष्कार का ऐलान ग्राम वासियों द्वारा किया गया। बूथ क्रमांक 237 पेंदोडी, बूथ क्रमांक 235 नवागांव, बूथ क्रमांक 233 बागडूंगरी, बूथ क्रमांक 227 बड़गांव इन समस्त ग्रामों के ग्राम वासियों द्वारा पोलिंग बूथ यथावत नहीं तो चुनाव नहीं कहना है। पोलिंग बूथ यथावत नहीं तो चुनाव का बहिष्कार समस्त ग्राम वासियों द्वारा किया जा रहा है। औंधी जोन के बागडूंगरी नवागांव बूथ को मोरचुल शिफ्ट किया गया है। पेंदोडी बूथ को शारदा में और बड़ागांव बूथ को औंधी में शिफ्ट किया गया है। इसलिए बूथ के मतदाताओं द्वारा विरोध करते हुए चुनाव का बहिष्कार किया जा रहा है। मतदाताओं का कहना है कि एक स्थान पर शिफ्ट किया गया है उसे ना किया जाए पोलिंग बूथ सेंटर को अन्यत्र शिफ्टिंग करने से मतदान प्रभावित होगा। पूर्व में जो विधानसभा चुनाव हुआ था वहीं यथावत बूथ सेंटर को रखा जाए। अन्यथा लोकसभा चुनाव का विरोध किया जाएगा। बूथ को यथावत रखने के लिए समस्त मतदाताओं ने मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले के कलेक्टर को और तहसीलदार को सूचना दी है।

# गणित विभाग में शिक्षक-अभिभावक की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केएल टांडेकर के निर्देशन एवं गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शबनम खान के मार्गदर्शन में गणित विभाग में एमएससी द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों के अभिभावकों के लिए शिक्षक-अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत करते प्राध्यापक डॉ. हेमंत कुमार साव ने महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं से अभिभावकों को अवगत कराया। विभागाध्यक्ष डॉ. शबनम खान में गणित विभाग के शैक्षणिक कैलेंडर, महाविद्यालय के गतिविधियों और सुविधाओं के बारे में अभिभावकों को अवगत कराते कहा कि वे विद्यार्थियों के लक्ष्य हासिल करने में उनका सहयोग प्रदान करें। साथ ही विभाग द्वारा किए जाने वाले शिक्षक-अभिभावक बैठक के आयोजन को सराहनीय प्रयास बताया। साथ ही कहा कि यूजीसी और मानव संसाधन विकास मंत्रालय दिल्ली एवं उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के प्राप्त निर्देशों के आधार पर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु समय-समय पर शिक्षक-अभिभावक बैठक आयोजित की जाती है। प्राध्यापक डॉ. केके देवांगन ने मैथ-लैब एवं रिसर्च से पालकों को अवगत कराया। डॉ. हेमंत साव ने परीक्षा प्रणाली से अभिभावकों को अवगत कराया। सहायक प्राध्यापक डॉ. कविता साकुरे ने विभाग में होने वाली गतिविधियों से पालकों को अवगत कराया।

#### विभाग के प्रयासों पर जाहिर की खुशी

बैठक में अभिभावकों ने उनके पाल्यों के शैक्षणिक विकास हेतु विभाग द्वारा किए जाने वाले प्रयासों हेतु सभी प्राध्यापको डॉ. शबनम खान, डॉ. केके देवांगन, डॉ. हेमंत साव, डॉ. कविता साकुरे और अतिथि व्याख्याता रवि सोनकर से अपनी खुशी जाहिर की। बैठक में देवकुमार साहू, भागवतप्रसाद साहू, हरी चौधरी, राहुल मंडल और कुसुमलता कुंडले ने पाल्यो के शैक्षणिक विकास हेतु विभाग द्वारा किए जाने वाले प्रयासों की सराहना की। बैठक में रवि सोनकर, एमएससी द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थी उपस्थित थे।

## सी-विजिल एवं कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण

**राजनांदगांव**। संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने शुक्रवार को लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए कलेक्टोरेट के प्रथम तल में स्थित सी-विजिल एवं कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल उपस्थित थे। संभागायुक्त ने भारत निर्वाचन आयोग के आवश्यक दिशा-निर्देशों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने सी-विजिल के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों की कुशलतापूर्वक त्वरित रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी सी-विजिल शिल्पा देवांगन ने बताया कि सी-विजिल के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन एवं अन्य शिकायतों का निराकरण किया जाएगा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा सहित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# धूमधाम से मनाया जाएगा हिन्दू नववर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- हनुमान जी की बालाजी मंदिर से निकलेगी शोभायात्रा

राजनांदगांव संस्कारधानी सनातन धर्म सेवा परिवार की आवश्यक बैठक 17 मार्च को दोपहर 3 बजे पंचमुखी हनुमान मंदिर लोहारपारा में संपन्न हुई। इसमें सर्व हिन्दू समाज, धार्मिक व समाजिक संगठनों सकल जैन समाज, दिगम्बर जैन पंचायत, महेश्वरी समाज, महाकाल सेना, देवांगन समाज, निषाद समाज, साहू समाज, कुर्मी समाज, सैनिक संघ, रक्तवीर सेना, गौ सेवा समिति, करणी सेना, राजपूत समाज, विश्व ब्राम्हण समाज, सर्व ब्राम्हण समाज, खंडेलवाल समाज, बाल रत्न सेवा समिति ने हिन्दू नववर्ष के शुभ अवसरों पर भगवान हनुमान की भव्य शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया। बैठक में हरजीत सिंह भाटिया, मनोज बैद, पवन डागा, राजू डागा, राजा माखीजा, अजीज जैन, राजेन्द्र लड्ढा, विष्णु लोहिया, दर्शन चोटिया, नागेश यदु, राजेश शर्मा, दयावान देवांगन, महेश निषाद, अजय सिंह, गोल्डी भदोरिया, महेन्द्र बघेल, भरत भानुशाली, रानू जैन, संतोष चोटिया, गुडडू हटवार, महेश साहू, गप्पू सोनकर, शैलेन्द्र तिवारी, योगेश, शिव वर्मा, बिसेन अग्रवाल, संतोष हुंका, अभिषेक गजभिये, संजय शर्मा, बालाजी महेश अग्रवाल, मनीष चिमनकर, रंजना शर्मा, ममता शर्मा, रोशनी रायचा, मधु अग्रवाल, मीना पांडेय, छाया तिवारी व अन्य लोग शामिल थे। उपरोक्त जानकारी प्रदेश महामंत्री प्रियंक सोनी ने दी।



#### हिन्दू संगठनों की बैठक

छग राष्ट्रीय सनातन धर्मसभा के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक, राकेश ठाकुर, शनिदेव धाम राकेश ठाकुर, इन्द्रभुषण ठाकुर, कमल साहू, चंद्रेश जैन, शिव वर्मा, प्रियंक सोनी, सौरव खंडेलवाल व मौसमी शर्मा ने बताया कि आगामी 9 अप्रैल को बालाजी मंदिर पुराना गंज लाईन से दोपहर 2 बजे से भगवान हनुमान जी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। तत्पश्चात प्रदेश अध्यक्ष श्री पटाक ने सनातन धर्म महिला जिला अध्यक्ष व शहर अध्यक्ष, जिला व शहर अध्यक्ष कार्यकारिणी के सभी पदों की नियुक्ति करते घोषणा की। सभी सर्व हिन्दू समाज वह सभी धार्मिक हिन्दू सगंठनों को बैठक में उक्त शोभायात्रा में तिलक लगाकर प्रतिदिन सभी हिन्दू भाईयों से माथे पर तिलक लगाने का उद्बोधन दिया।

### शनीचर बाजार में चढ़ा होली का रंग, नगाड़ों की थाप पर झूमे युवा

# कल होगा रंगदे का धमाल, युवाओं को प्रोग्राम का इन्तजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

होली पर्व को लेकर इस साल भी रंगदे कार्यक्रम का इंतजार युवाओं को बेसब्री से है, जिसे लेकर कल होने वाले कार्यक्रम की तैयारी आयोजको ने कर रखी है। कल दोपहर 10 से शाम 4 बजे नगरवासी रंग दे कार्यक्रम को लेकर उत्साहित दिख रहे हैं। कार्यक्रम का आयोजन राजमहल मैरिज गार्डन में किया जा रहा है। आयोजक कमेटी के सदस्य अनुराग सोनी, अंकित गुप्ता, सागर महोबिया, नीलेश गुप्ता, अंजलीना गुप्ता और शैव्या ने आयोजन के लिए अपील किया है, आइये एक बार आकर देखें रंगदे आपको आनंदित कर देगा।

### होलिका दहन की तैयारी में जुटे लोग

होलिका दहन की तैयारी में लोग पहले से ही जुट गए हैं। सूखी लकड़ियों समेत झाड़-झंखाड़ जगह-जगह इकट्ठा किए जा रहे हैं। नगर में मुख्य रूप से कंडरापारा स्थित कुंवारी होली से आग लाकर होलिका दहन नगर के बांकी होलिका समिति द्वारा किया जाता है। बस स्टैंड, जमतपारा, बैला पसरा, टिकरीपारा के पास होलिका जलाई जाती है। इन जगहों पर काफी भीड़ होती है। इसके अलावा नगर के अन्य मोहल्लों व ग्रामीण अंचल में कई जगहों पर होलिका जलाई जाती है। फाग गीत जगह-जगह पर हो रहे हैं। अब कुछ जगहों पर फिल्मी गानों ने ले लिया है, लेकिन आज भी फाग गीतों का लुफ्त उठाने वाले लोगों की कमी नहीं है। मां काली जस समिति के सदस्यों द्वारा हर मोहल्ले में पारंपरिक फाग गीत का विस्तारपूर्वक प्रस्तुत किए हैं। फाग गीत के लोकल गायकों ने भी कई जगहों पर होली गीत के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया है। होली पर्व पर घर पर लोग आते हैं। जिनका स्वागत विभिन्न प्रकार के पकवानों से किया जाता है। ऐसे में लोग गुजिया, मिठाई, नमकीन, चिप्स पापड़ खरीदते हैं। कोशिश करें कि खाने-पीने के सामान को घर पर बनाएं।

#### चाइना स्प्रे व रंग बाजार से गायब

रंगोत्सव पर इस बार चाइना का रंग नहीं, बल्कि देशी व हर्बल रंगों से होली का त्यौहार मनेगा। हर साल बाजार में चाइना पिचकारी व रंग सहित स्प्रे आते थे, लेकिन इस बार मार्केट में चाइना स्प्रे और रंग गायब हो गए हैं। व्यापारियों ने वोकल फार लोकल की डिमांड की है। कारोबारियों के मुताबिक अब बड़े व्यापारी ही रंग और पिचकारी तैयार कर रहे हैं। महिलाएं भी हर्बल रंग बना रही है। होली बाजार में इन्हीं रंगों की डिमांड इस बार ज्यादा है। मुखौटा का बाजार भी होली में डरावने मुखौटों की बिक्री प्रतिबंधित है, लेकिन इस साल होली बाजार कई तरह के मुखौटों से सजा है। बच्चों के लिए बिल्ली, चूहे व डाग सहित कार्टून के मुखौटे बने हैं। वहीं नकली बाल भी कई वैराइटियों में है। कुछ मुखौटे डरावने भी हैं। इसके अलावा पिचकारियां भी कई वैराइटियों में आई है। जिसकी डिमांड भी होली बाजार में काफी अधिक है। बच्चों को नई तरह की पिचकारियां बेहद पसंद आ रही है। शनिवार से बाजार में उछाल भी शुरू हो गया है। पिचकारियों के साथ रंग-गुलाल की बंपर बिक्री हो रही है।

#### होली बाजार गुलजार


घरों और गली-मोहल्लों में जहां पर्व की तैयारियां चल रही है। वहीं शहर में भी नगाड़े का बाजार सजना शुरू हो गया है। शहर के बाजार चौक में अभी नगाड़े की बिक्री के लिए दुकानें सजी है। जिसमें होली के दिन में वृद्धि होगी। रंगों का त्यौहार होली खेलने को बेचैन शहर के लोगों का इंतजार आज खत्म हो जाएगा। हालांकि होली पर मस्ती और एक-दूसरे को रंग लगाने लोग अभी से तैयारियों में जुट गए हैं। बाजार में रंगों की दुकानें भी सजी हुई है। इस बार लोगों में तिलक होली खेलने के लिए हर्बल गुलाल की मांग ज्यादा की है। कलर की बिक्री से बाजार गुलजार हो गया है। शहर के मुख्य मार्ग अभी से रंग-बिरंग लगने लगे हैं। अधिकांश दुकानों पर गुलाल ही देखने को मिल रही है। बाजार में बिक रही अलग-अगल खुशबू वाली गुलाल की मांग भी अधिक है। व्यापारियों के अनुसार होली पर अब अधिकांश व्यापारी सहित आमजन भी अच्छी क्वालिटी वाली गुलाल की मांग कर रहे हैं।

#### बाजार के सामान से करें परहेज

रंग खेलते समय आंखों का ध्यान रखें। चाइनीज रंगों व घटिया किस्म के रंग व गुलाल का उपयोग न करें। इससे त्वचा के साथ ही आंख भी खराब हो सकती है। आंख को बचाने के लिए चश्मा का प्रयोग करें। - **डॉ. विनय रामटेके,** नेत्र चिकित्सक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छुईखदान

# विश्व जल दिवस पर शिवनाथ नदी में सफाई व शिवगंगा महाआरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



विश्व जल दिवस पर पर्यावरण संरक्षण राजनांदगांव द्वारा शिवनाथ नदी के हल्दी घाट में सफाई कर शिवगंगा महाआरती का आयोजन किया गया। जल संरक्षण, स्वच्छता में जनभागीदारी सुनिश्चित करते शिवनाथ नदी के हल्दी घाट में सफाई की गई। विश्व जल दिवस की सुबह युवक-युवतियां, महिलाएं हाथों में खाली बोरा लिए हुए हल्दी घाट में यत्र-तत्र पड़े प्लास्टिक व अन्य कचरों को एकत्रित किया। तत्पश्चात पर्यावरण एवं जल संरक्षण की शपथ ली गई और अन्य लोगों को स्वच्छता का संदेश हेतु प्रेरित करने का संकल्प लिया गया।

विश्व जल दिवस पर शिवनाथ नदी के तट पर उपस्थित युवक-युवतियों ने मतदान के प्रति अपने कर्तव्य व जागरूकता का संदेश देने हेतु शपथ लिया। शिवनाथ नदी के तट पर स्थित हल्दी घाट की सफाई करने के बाद जल वंदन करते शिवगंगा महाआरती की गई। शिवगंगा महाआरती द्वारा जल को सहेजने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के संयोजक निकुंज सिंघल, जिला सहसंयोजक मयंक शर्मा, सूरज गुप्त, नगर सहसंयोजक अनूप तिवारी, एनजीओ प्रभारी सौरभ खंडेलवाल, प्रचार-प्रसार प्रभारी मनीष यादव, शिवगंगा महाआरती समिति से आलोक शर्मा, मनीष द्विवेदी व मीना प्रजापति उपस्थित थे।

## सार समाचार

### 24 की रात वैदिक होलिका दहन

**राजनांदगांव।** गायत्री शक्तिपीठ परिसर में कल रविवार की रात 9 बजे होलिका दहन का कार्यक्रम रखा गया है। गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी सूर्यकांत चितलांग्या व उप ट्रस्टी बृजकिशोर सुरजन ने बताया कि होली रंगों का त्यौहार है। इस पर्व में चहुंओर उल्लासिक माहौल बना रहता है। पर्व की खुशी में लोग एक-दूसरे पर रंग- गुलाल लगाकर आत्मीय भावना का संचार करते हैं। प्राचीनकाल से निर्मित उक्त परंपरा का निर्वहन करते गायत्री शक्तिपीठ द्वारा कल 24 मार्च की रात शक्तिपीठ परिसर में गीत-संगीत व वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन के साथ होलिका दहन किया जाएगा। ट्रस्टीद्वय ने बताया कि सार्वजनिक रूप से होलिका दहन पूजन का शुभ मुहूर्त रविवार की रात 11 बजकर 13 मिनट से 12 बजकर 27 मिनट तक है, लेकिन गायत्री शक्तिपीठ प्रांगण में होलिका दहन के पूर्व हवन-पूजन का कार्यक्रम रात्रि 8 बजे से आयोजित है। रात्रि में 9 बजकर 30 मिनट में गीत-संगीत के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन करते होलिका दहन किया जाएगा। इस दौरान गोबर कंडे व लकड़ियों के साथ अश्लील पोस्टरों व पुस्तकों की होली जलाई जाएगी। उक्ताशय की जानकारी व्यवस्थापक भाई ओमप्रकाश ने दी।

### साइकिल से महाकाल दर्शन कर वापसी



**हरदी।** चिखली राजनांदगांव निवासी 38 वर्षीय संजय साहू पिता अमृतलाल साहू ने 12 मार्च को सुबह 5 बजे राजनांदगांव से उज्जैन के लिए रवाना हुए। 20 मार्च को पहुंचे व महाकाल बाबा के दर्शन कर वापसी की, इन्होंने यह फैसला स्वयं लिया व साइकिल से निकल पड़े। उनके इस फैसले का मोहल्ला व वार्डवासियों ने सराहना की।

### कैरियर गाइडेंस के लिए अतिथि व्याख्यान आयोजित



**राजनांदगांव।** संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन ठाकुरटोला में 22 मार्च को आईक्यूएसी आंतरिक गुणवत्ता अश्वासन प्रकोष्ठ के अंतर्गत कैरियर गाइडेंस समिति द्वारा एक दिवसीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के लिए मुख्य विषय के रूप में आगामी प्रतियोगी परीक्षा में सफल होने हेतु उचित मार्गदर्शन एवं परामर्श दिया गया। अतिथियों के व्याख्यान हेतु छग की प्रतिष्ठित संस्थान उड़ान आईएएस एडमिनिस्ट्रेटिव एकेडमी रायपुर से अतिथि के रूप में व्याख्यान हेतु खिलेश्वर रक्सेल, दिनेश साहू, देवेन्द्र देवांगन, मिनाक्षी चंद्राकर का सम्मान किया गया। तत्पश्चात खिलेश्वर रक्सेल व दिनेश साहू द्वारा व्याख्यान दिया गया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु तैयारी करने हेतु मार्गदर्शन दिया एवं सफलता हेतु मूल मंत्र दिए। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा के मार्गदर्शन व आईक्यूएसी प्रभारी सुरवी भट्टाचार्य, रेणुका साहू एवं शिक्षकों व प्रशिक्षणार्थी की उपस्थित में संपन्न हुआ।

### खुज्जी परिक्षेत्र संगठन का चुनाव 31 को

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज सांकरदाहरा खुज्जी परिक्षेत्र संगठन का चुनाव 31 मार्च को सुबह 11 बजे से क्षेत्रीय कार्यालय श्रीराम मंदिर मोक्षधाम सांकरदाहरा में चुनाव अधिकारी जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव गिरधर निषाद, मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद, मछुआ कल्याण समिति जिलाध्यक्ष छगनलाल निषाद की उपस्थिति में होगा। चुनाव अधिकारी चैनकुमार निषाद व क्षेत्रीय अध्यक्ष गौतरिया निषाद, सचिव तारम निषाद ने बताया कि मोक्षधाम में परिक्षेत्र संगठन का चुनाव प्रक्रिया सुबह 11 बजे से नामांकन फार्म जमा, दोपहर 12 बजे तक नामांकन फार्म जांच व नाम वापसी होगा, 01 बजे से चुनाव चिन्ह आबंटन, मतदान प्रारंभ व शाम 4 बजे तक परिणाम की घोषणा जाएगी। निषाद समाज क्षेत्रीय निर्वाचन अधिकारियों व क्षेत्रीय अध्यक्ष गौतरिया निषाद व सचिव तारम निषाद ने क्षेत्र के सभी स्वजातीय बंधुओं को चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने उपस्थिति की अपील की है।

### जनप्रतिनिधियों को आबंटित वाहन वापस लेने आदेश जारी

**राजनांदगांव।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने निर्वाचित एवं जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई वाहन सुविधा को तत्काल वापस लेने के आदेश जारी किए गए है। जारी आदेश में निर्वाचन की घोषणा होने की तिथि से निर्वाचन परिणाम घोषित होने की तिथि तक केन्द्र, राज्य शासन के उपकरण संयुक्त क्षेत्र के उपक्रमों, स्वायत्तशासी संस्थाओं, जिला पंचायतों, जनपद पंचायतों, ग्राम पंचायतों, नगर पालिका निगमों, नगर पालिकाओं, नगर पंचायतों, विपणन बोर्ड, विणपन संस्थाओं, कृषि उपज मंडी समिति प्राधिकरणों या अन्य ऐसे निकाय जिनमें सरकारी धन का कितना भी छोटा अंश निवेश किया गया हो, के वाहनों के उपयोग के किसी भी प्रकार की अनुमति संसद सदस्य, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों अथवा अभ्यर्थियों या निर्वाचन से संबंधित किसी व्यक्ति को नहीं दिया जाना है। जनप्रतिनिधियों को आबंटित वाहन तत्काल वापस लेकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को अवगत कराने कहा है।

## त्यौहार सौहार्द्रपूर्ण मनाने शांति समिति की बैठक

# असामाजिक तत्वों पर रहेगी पुलिस की नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

होली एवं रमजान का त्यौहार जिले में सौहार्द्रपूर्ण एवं परंपरा के अनुरूप मनाए जाने हेतु पुलिस कंट्रोल रूम जनसंवाद कक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर होली पर्व एवं रमजान पर्व पर 24-25 मार्च को दृष्टिगत रखते शांति समिति की बैठक पुलिस कंट्रोल रूम स्थित जनसंवाद कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में एएसपी राहुल देव शर्मा, मुकेश ठाकुर (ऑप्स), एसडीएम अतुल विश्वकर्मा, सीएसपी पुष्पेन्द्र नायक सहित विभिन्न सामाजिक समिति के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, शहर के पार्षद तथा थाना प्रभारी कोतवाली एवं सर्वसंबंधित अधिकारी उपस्थित थे।




### शांतिपूर्वक मनाए त्यौहार

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा द्वारा अपने संबोधन में सभी को होली एवं रमजान का पर्व सद्भावना, शांतिपूर्वक व सावधानीपूर्वक मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस दौरान जबरन चंदा वसूली न करें, रास्ते में पत्थर या अन्य अवरोधक न रखें तथा प्रतिबंधित रंगों का उपयोग न करें। विद्युत, टेलीफोन खंभों, लाइनों और घरों से दूर होलिका दहन किया जाए। मुख्य मार्गों या चौराहों के मध्य होलिका दहन न किया जाए। होलिका दहन के लिए ईमारती लकड़ी, फलदार वृक्ष एवं हरे वृक्षों की लकड़ी का उपयोग न कर गोबर के कंडे का होलिका दहन किया जाए। होली, धुरेडी के पर्व में किसी व्यक्ति को उसके इच्छा के विरूद्ध

### दुष्प्रचारित संदेश प्रेषित न हो

कोई भी व्यक्ति ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग बिना अनुमति के नहीं कर सकेंगे। जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्यों ने कहा कि शांति एवं सद्भावना की वर्षों पुरानी जिले की परंपरा के अनुरूप होली, धुरेड़ी का पर्व आपसी सद्भाव एवं भाईचारे के साथ मनाया जाएगा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शर्मा ने कहा कि होली पर्व को पूर्व परंपरा के अनुरूप सौहार्द्रपूर्ण तरीके से मनाए जाने की कायम रहे। इसके लिए सभी सामाजिक संगठनों तथा जिम्मेदार लोगों को जनसंवाद तथा आपसी चर्चा कर बैठक में लिए गए निर्णय से अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों द्वारा किसी भी प्रकार की घटना करने पर तत्काल पुलिस को सूचना दी जाए। किसी भी प्रकार की घटना घटने पर डायल 112 या पुलिस कंट्रोल एवं निकटतम थाना को इसकी सूचना दें। इस अवसर पर पुलिस विभाग का अमला गली, चौराहों में कड़ी निगरानी रखेंगे। इस दौरान मदिरा का क्रय, विक्रय, भंडारण, परिवहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। एसडीएम अतुल विश्वकर्मा ने कहा कि मिलजुल कर त्यौहार को मनाने की परंपरा को कायम रखा जाए।

### त्यौहारों के दौरान डीजे रहेगा प्रतिबंधित

बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया आदि के माध्यम से किसी तरह का कोई दुष्प्रचारित संदेश प्रेषित न हो, इसके लिए समाज के जिम्मेदार लोग अपने लोगों को समझाईश दें। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि सहित समाजिक, व्यापारिक संगठन के लोगों की उपस्थिति रही।

### शहर में होलिका दहन की तैयारियां

■ चौक-चौराहों से लेकर मोहल्लों में सजी लकड़ियां

होली पर्व के तहत होलिका दहन की शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में व्यापक तैयारियां की गई है। होलिका दहन स्थल में लकड़ियां एकत्र कर आसपास साज-सजावट भी की गई है। मुहूर्त पर देर रात होलिका दहन किया जाएगा। होली पर्व को लेकर अंचल में उत्साह का माहौल है। नगाड़ों की थाप और फाग गीतों की गूंज शहर सहित ग्रामीण इलाकों में सुनाई देने लगी है। पर्व के तहत कल रविवार 24 मार्च को होलिका दहन किया जाएगा। इधर कई शुभ मुहूर्त में होलिका दहन करने की तैयारी में हैं।

### मुहूर्त पर होलिका दहन

ज्ञात हो कि होलिका दहन के लिए बसंत पंचमी पर्व के दिन से ही लोगों ने तैयारियां शुरू कर दी थी। शहर के विभिन्न मोहल्लों एवं चौक-चौराहों में पारंपरिक रूप से होलिका दहन किए जाने हेतु लकड़ियां एकत्र कर आसपास साज-सजावट की गई है। कुछेक स्थानों पर नगाड़ों की थाप और फाग मंडलियों द्वारा फाग की प्रस्तुति भी की जा रही है। वहीं शहर सहित ग्रामीण इलाकों में फाग गीत स्पर्धाओं का आयोजन भी किया जा रहा है। पंडितों के अनुसार होलिका दहन का मुहूर्त रात 11.13 बजे से 12.17 बजे तक है। कई मुहूर्त पर ही होलिका दहन करने की तैयारी में है।

### 25 को रंगोत्सव

होलिका दहन के दूसरे दिन 25 मार्च को अंचल में हर्षोल्लास के साथ रंगोत्सव मनाया जाएगा, जिसे लेकर बाजार में भी सामान्य दिनों की अपेक्षा लोगों की बेहतर उपस्थिति रही। लोग पर्व के लिए पिचकारी, रंग, गुलाल, नगाड़ा, मिठाई इत्यादी की खरीदी करने के लिए जुटे रहे। कल रविवार को भी बाजार में सुबह से देर शाम तक चहल-पहल बने रहने की संभावना जताई जा रही है। इधर होली पर्व को देखते हुए पुलिस सर्तकता बरत रही है। असामाजिक तत्वों एवं नशीले पदार्थों की अवैध रूप से बिक्री करने वालों की जहां धरपकड़ की जा रही है। वहीं वाहनों एवं संदिग्धों की जांच अभियान तेज कर दिया गया है।

# नक्सल प्रभावित क्षेत्र का एसपी ने किया आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान मध्यप्रदेश राज्य के सरहदी जिला बालाघाट से लगा हुआ थाना साल्हेवारा क्षेत्रांतर्गत ग्राम खादी अंतर्राज्यीय पुलिस चेकपोस्ट का निरीक्षण किया गया।

पुलिस के अनुसार 19 मार्च को जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर अतिनक्सल प्रभावित, अंतर्राज्यीय सीमा में लगे पुलिस चेकपोस्ट एवं थाना साल्हेवारा तथा मोहगांव के सामने लगे पुलिस चेकपोस्ट का निरीक्षण कर यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले व्यक्तियों पर चालानी कार्रवाई करने तथा अंतर्राज्यीय सीमा से किसी भी प्रकार की अवैध सामग्री परिवहन न हो, की बारीकी से चेकिंग करने हिदायत दिया। रोड़ में चलने वाले आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखने हिदायत दिया गया।



### अधिकारियों की रही उपस्थिति

इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पांडेय एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी लालचंद मोहले, थाना प्रभारी साल्हेवारा निरीक्षण जितेन्द्र बंजारे, थाना प्रभारी मोहगांव निरीक्षक आलोक, सीएएफ के जवान उपस्थित रहे। थाना साल्हेवारा एवं मोहगांव द्वारा इस प्रकार की कार्रवाई अनवरत जारी रहेगी।

### वाहन चेकिंग के निर्देश

थाना साल्हेवारा में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को वाहन चेकिंग करने के संबंध सभी व्यक्तियों से मधुरतापूर्ण व्यवहार करने निर्देश दिया गया। थाना साल्हेवारा का भ्रमण कर थाना स्टॉफ एवं छग बल के जवानों से मिलकर हालचाल जानकर बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया गया एवं उत्साहवर्धन किया गया। सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ एवं अभेद्य बनाने बाबत आवश्यक संसाधनों की पूर्ति हेतु पत्राचार करने निर्देश दिया गया तथा चौबीस घंटे एमसीपी लगाकर सघन वाहन चेकिंग करने निर्देशित किया गया।

# नांदगांव में नए उद्योग खोलने की मांग

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के उपाध्यक्ष मेघदास वैष्णव ने बताया कि जिले के बीएनसी मील, पुतली घर एवं मच्छरदानी के नाम से देश एवं प्रदेश में प्रसिद्ध रहे उद्योग को सरकार की गलत नीति के कारण वर्ष 2002 में पूर्व उद्योग राज्य मंत्री रमन सिंह के कार्यकाल में बंद कर हजारों श्रमिकों को रोजी-रोटी से वंचित कर राजनांदगांव की अर्थव्यवस्था को चौपट कर दिया था। विगत 15 वर्षों से भाजपा के शासनकाल में पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह एवं विधायक रहते भी उद्योग की स्थापना नहीं कर पाए।

डॉ. रमन सिंह भिलाई स्टील प्लांट के तर्ज पर उद्योग लगाने एवं 5 वर्ष के कार्यकाल में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जुट मील उद्योग खोलने की घोषणा की थी, जो मात्र घोषणाएं तक ही सीमित हो गई। जिले में कई उद्योग राईस मिल, पोहा मिल, रोलिंग मिल, कई खदानें आज भी बंद पड़े हैं।

श्री वैष्णव ने कहा कि रोजगार की तलाश में शिक्षित बेरोजगार दर-दर भट रहे हैं। पूर्व में 15 वर्षों तक डबल इंजन की सरकार होने के बाद भी उद्योग खोलने की पहल नहीं की गई।

वर्तमान में डबल इंजन की सरकार सत्ता पर काबिज है। छमुमो द्वारा लगातार उद्योग खोलने सड़क की लड़ाई एवं सरकार एवं प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते आ रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी लागू कर राजनांदगांव जिले में नए उद्योग की स्थापना करने की पहल करने की मांग की है।

## सम्मान व विदाई समारोह आयोजित



**राजनांदगांव।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला करमरी एवं शासकीय प्राथमिक शाला करमरी में कक्षा छठवीं व सातवीं एवं तीसरी व चौथी के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा आठवी एवं पांचवी के छात्र-छात्राओं को सम्मान-समारोह आयोजित कर विदाई दिया गया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य केके साहू एवं संकुल केंद्र करमरी के शैक्षिक समन्वयक खोरबाहराराम साहू द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु अपने सारगर्भित विचार प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक मोहनलाल देवांगन मुख्य अतिथि की आसंदी से छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद प्रदान की। इस आयोजन में कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रधान पाठक वैष्णव, खरे मैडम, सोनकर एवं सोनपिपरे का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन योगेश्वरी साहू द्वारा किया गया। कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा शाला को उपहार स्वरूप लाउडस्पीकर एवं माइक सेट प्रधान पाठक वैष्णव सर को प्रदान किया गया। इस अवसर पर सरपंच गीताबाई ठाकुर, उपसरपंच लीलाराम साहू, पंच उर्वशी साहू, लक्ष्मण साहू, डमेशवर देवांगन, हिंछाराम ठाकुर, साहू मैडम शामिल थे। कार्यक्रम के अंत में वर्षा साहू द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## बच्चा चोर के अफवाह में महिलाओं से मारपीट

**राजनांदगांव।** घुमका क्षेत्र में बच्चा चोरी के संदेह में कुछ ग्रामीणों ने दो महिलाओं से मारपीट कर दी। घटना की सूचना पर पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घुमका क्षेत्र में एक गांव में दो महिलाओं को कुछ ग्रामीणों ने बच्चा चोर होने के अफवाह के चलते मारपीट की। बताया गया कि इस मामले की सूचना पर पुलिस ने पांच आरोपियों को पकडकर कार्रवाई की है। बताया गया कि महिलाएं भिक्षा मांगने गांव गई हुई थी।

## सत्ता का दुरूपयोग कर भाजपा कर रही आचार संहिता का उल्लंघन : कांग्रेस



**राजनांदगांव।** लोकसभा चुनाव में राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में अपनी हार की सुनिश्चितता को देखते भाजपाई छग में अपनी सत्ता का दुरूपयोग करते आचार संहिता का खुला उल्लंघन किए हैं। जिसकी शिकायत प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एवं राजनांदगांव लोकसभा मीडिया प्रभारी रूपेश दुबे, भर्रेगांव के पूर्व सरपंच दिलीप चंद्राकर एवं राजकुमार ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष की है।

प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कहा कि 10 वर्षीय केंद्र की भाजपा सरकार के अदूरदर्शी निर्णय के कारण देश में महंगाई, बेरोजगारी बेलगाम है। उसी क्रम में छत्तीसगढ़ की 3 माह की भाजपा सरकार मोदी की गारंटी के नाम पर किसान, महतारियों, युवाओं, शासकीय कर्मचारियों सहित जनता को छलने का जो काम किया है, जिससे हार सुनिश्चित है। राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के चुनाव मैदान में आने से भाजपा राजनांदगांव लोकसभा चुनाव के मैदान से बाहर हो गई है, इसकी बौखलाहट में भर्रेगांव सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत संचालित शासकीय राशन दुकान क्रमांक-75 में प्रधानमंत्री मोदी के फोटोयुक्त थैलों का बंडल ले जाकर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के नाम से थैलों में चावल देने का खुला खेल रहे थे। जिसका वीडियो क्लिपिंग के साथ उप जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष सत्ता के दुरूपयोग एवं शासकीय राशन दुकान में इस प्रकार से किया जाने वाला कृत्य गंभीर अपराध की श्रेणी में भी आता है, क्योंकि भर्रेगांव में भाजपा समर्थित सरपंच होने के कारण यह कार्य पूरी तरह से सत्ता का दुरूपयोग प्रमाणित है। इस पर तत्काल कार्रवाई करते पूरे संसदीय क्षेत्र के राशन दुकानों में इस प्रकार की कृत्य न हो यह सुनिश्चित करते आचार संहिता के खुला उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई करने के लिए मांग की गई है।















समस्या: विभागीय अधिकारियों व जिम्मेदारों की अनदेखी

# नल जल मिशन योजना के लाभ से वंचित ग्रामीण, परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|बरबसपुर

शहर सहित अंचल क्षेत्रों में 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया गया वहीं जल के महत्व को बताया गया, लेकिन आज भी कवर्धा विकासखंड अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत सिंघनपुरी के आश्रित ग्राम गांगचुवा में शुद्ध पेयजल नहीं मिल रहा है। जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियां व दिक्कतों को सामना करना पड़ रहा है वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की भारी गंभीर समस्या बनी हुई है। ग्रामीण पेयजल के लिए तरस व भारी समस्या सें जूझ रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम गांगचुवा में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के तहत घर-घर जल पहुंचाने नल जल योजना की जाल बिछाई गई लेकिन ग्राम पंचायतों में सरकार की महत्वकांक्षी योजना दम तोड़ती नजर आ रही है।

यहां बताना लाजिमी होगा कि विभागीय व जिम्मेदार अमला घर-घर जल पहुंचाने का दावा कर रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। ग्रामवासियों को घर-घर पानी पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन की शुरुआत की गई, लेकिन जिम्मेदारों व विभागीय अधिकारियों को नल जल जीवन योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रही है।



### महत्वकांक्षी योजनाओं के लाभ सें वंचित, नल जल मिशन बना शोपीस

ग्राम गांगचुवा में घर-घर पानी पहुंचाने के लिए विभाग व ठेकेदार द्वारा पानी टंकी बनाया गया है, लेकिन योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिलने से भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार विभागीय अधिकारियो व जिम्मेदारों द्वारा पाइप लाइन विस्तार कर दो वर्ष से अधूरा छोड़ दिया गया है। वहीं घर-घर जल आपूर्ति के लिए टेप नल स्टैंड बनाएं गए हैं। जो सिर्फ शोपीस की तरह खड़ी हुई है। जिस पर ग्रामीणों द्वारा शिकवा शिकायत व जल नल योजना को पूर्ण कराने विभागीय अधिकारी को अवगत कराया ताकि गर्मी में जल आपूर्ति हो सकें व ग्रामीणों को राहत व सुविधा मिल सकें।

# धर्म नगरी कवर्धा में गौ-प्रतिष्ठा संकल्प पदयात्रा रैली निकाली जाएगी आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा



ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वारानंद सरस्वती 1008 महाराज द्वारा फाल्गुन माह, शुक्ल पक्ष चतुर्दशी तिथि को गौ-प्रतिष्ठा संकल्प पदयात्रा गौमाता को राष्ट्रमाता बनाने धर्म नगरी कवर्धा के सभी देवी-मंदिर व प्रभु देवालय से भव्य संकल्प पदयात्रा सनातनी रैली सुबह 8 बजें पदयात्रा मां महामाया मंदिर से प्रारंभ होकर सभी मंदिर देवालयों से होते हुए परशुराम धर्मध्वज चौक नाका में समापन किया जाएगा। जिसमें गौ-माता को राष्ट्र माता बनाने के लिए वृंदावन से दिल्ली तक संकल्प यात्रा निकाल जाएगी, जिसके समर्थन में शंकराचार्य के शिष्यों कवर्धा के सनातनियों द्वारा पद यात्रा निकाला जा रहा हैं। जिस पर सभी शिष्य एवं कवर्धा के सनातनियां को इस यात्रा में शामिल होने कि अपील की गई। इस यात्रा के संयोजक उमंग पाण्डेय, लोकनाथ देवांगन, सौरभ शर्मा व राहुल ठाकुर सहित गणमान्य नागरिकगण उपस्थित होगें।

# संस्कार पब्लिक हाई स्कूल कोलेगांव में हर्षोल्लास के साथ मना होली पर्व



हरिभूमि कोलेगांव। विकासखंड पंडरिया अंतर्गत स्थित संस्कार पब्लिक हाई स्कूल कोलेगांव में बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ छात्र-छात्राओं द्वारा होली पर्व मनाया गया, जिसमें विद्यार्थियों द्वारा एक दूसरे को जमकर रंग लगाकर होली मनाया गया साथ ही साथ शिक्षक-शिक्षिकाओं को गुलाल लगाकर होली का संदेश दिया व आशीर्वाद प्राप्त किया। इस प्रकार ग्राम कोलेगांव में संस्कार पब्लिक हाई स्कूल द्वारा रंग-गुलाल लगाते हुए होली मनाया गया, इस दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

**खबर संक्षेप**

### खुले ट्रांसफॉर्मर और झूलते तार से खतरा

**हरिभूमि बोड़ला।** नगर पंचायत बोड़ला में मुख्य बाजार और मार्केट लाईन के भीड़ भाड़ वाले इलाके में ट्रांसफार्मर व खुले बॉक्स से दुर्घटना होने का अंदेशा बना हुआ है। इसी प्रकार मुख्य बाजारों सहित गलियों में नीचे झूलते तार भी खतरे की घंटी बने हुए हैं। ग्रामीण का कहना है कि अधिकारियों को खुले ट्रांसफार्मर और बिजली के ढीले तारों की समस्या से कई बार अवगत कराया जा चुका है। लेकिन अधिकारी, कर्मचारी की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। नगर में ही कई जगह में ट्रांसफार्मर इतने कम ऊचाई पर जहां तक छोटे बच्चे भी आसानी से पहुंच सकता है। वहीं विद्युत पोलों पर तार पुराने लगे हुए हैं। विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण हादसे होने का डर और भय बना रहता है।

ज्योतिषी
पता- दीपक महाराज
Mo. 9300415345

# ओपन परीक्षार्थियों का हौसला बढ़ाने बोड़ला पहुंचे विकास कुमार

### किसी भी विषय को रटकर पढ़ने के बजाय समझकर पढ़े



हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव द्वारा जिले के वनांचल नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के पढाई छोड़ चुके व शिक्षा से वंचित विद्यार्थियों को पुनः शिक्षा से जोड़ने का प्रयत्न किया जा रहा है।

जिले के वनांचल नक्सल प्रभावित क्षेत्र के पढाई छोड़ चुके, शिक्षा से वंचित 300 परीक्षार्थियों को ओपन परीक्षा का फॉर्म भरवाया गया है। जिससे वे शिक्षित होकर अपने उज्जवल भविष्य का निर्माण कर सकें। ओपन परीक्षा दिला रहे परीक्षार्थियों से मुलाकात करने पहुंचे बोडला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार नें परीक्षार्थियों का हौसला बढ़ाते हुए सफलता के टिप्स भी बताएं। उन्होंने कहा कि मेहनत हर परीक्षार्थी करता है, लेकिन सफलता उन्हीं को मिलती हैं जिनको सही मार्गदर्शन मिला है। सही मार्गदर्शन ही सफलता तक ले जाती है।

उन्होंने ओपन परीक्षा दिला रहें परीक्षार्थियों से कहा कि पूरी ईमानदारी के साथ कड़ी मेहनत करे, सफलता जरूर मिलेगी, परीक्षार्थियों को किसी भी विषय को रटकर पढ़ने के बजाय समझकर पढ़ने की सलाह दिया गया। उन्होंने कहा कि समझकर पढ़ा हुआ विषय लंबे समय तक स्मरण पटल में बना रहता है, किताबें मोटी जरूर हो सकती है, लेकिन समझकर पढ़ने से वह भी आसान हो जाता है। बिना किसी दबाव और तनाव के परीक्षा में बैठे। परीक्षा के दौरान घबराहट जरूर होती है, लेकिन उसका प्रभाव परीक्षा परिणाम में न आने दें।

### आईपीएस विकास कुमार ने अपने छात्र जीवन के अनुभव को साझा किया

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने अपने छात्र जीवन के अनुभव को भी साझा किया। उन्होंने कहा कि किसी भी चीज को ठान लो यदि करना है, तो वो होकर रहता है, इसीलिए खूब मेहनत करें। परीक्षा के दौरान अपनी ऊर्जा का सही उपयोग करते हुए तैयारी करने तथा हमेशा सही रास्ते में चलने की सलाह दिया गया।

# अवैध शराब बिक्री के आरोपी दामापुर पुलिस के गिरफ्त में

- आरोपी के कब्जे से 37 नग देशी प्लेन शराब कीमत 2960 रूपए पुलिस ने किया जप्त।

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दामापुर

जिले में पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव द्वारा जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को आगामी त्योहार होली-रंग उत्सव का विशेष ध्यान रखते हुए, जिले में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने हेतु अवैध मादक पदार्थ शराब, गांजा एवं अन्य नशीले पदार्थों का बिक्री एवं परिवहन करने वाले असामाजिक तत्वों पर उचित वैधानिक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया।

साथ ही साथ अवैध जुआ, सट्टा एवं अवैध शराब, तथा नशीली दवाओं एवं अन्य अपराधिक गतिविधियो के विरूद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही किया जा रही है। इसी तारतम्य में शुक्रवार को दामापुर चौकी क्षेत्रांतर्गत विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति मोटर साइकिल एचएफ डीलक्स क्रमांक सीजी 09 जेएन 8735 में ग्राम रेहुटा से सेमरकोना की ओर अधिक मात्रा में अवैध शराब रखकर अवैध धन अर्जित करने की नीयत से मोटर साइकिल में परिवहन कर रहा है। कि सूचना पर चौकी दामापुर पुलिस द्वारा ग्राम सेमरकोना वाहनों की चेकिंग किया जा रहा था। इसी दौरान मुखबिर के बताएं हुलिए मोटर सायकल को रोकने पर मोटर साइकिल में सवार व्यक्ति भगाने का प्रयास करने लगा जिस पर पुलिस टीम द्वारा घेरा बंदीकर गिरफ्तार किया गया।



वहीं आरोपी ईश्वर बनर्जी पिता धनवाराम बनर्जी आयु 45 वर्ष साकीन दामापुर थाना कुण्डा को उनके कब्जे से मोटर सायकल में रखें एक नीला रंग के प्लास्टिक बोरी को गवाहों के समक्ष चेक करने पर 37 नग देसी प्लेन शराब की शीशी प्रत्येक में 180 एमएल भरा हुआ सील बंद कुल 6.660 बल्क लीटर जब्तकर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 54/2024 धारा 34,(2) 59 क आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में बलदाऊ चंद्रवंशी, शिव भार्गव, मुरारी साहू, दिलीप लहरे का विशेष योगदान रहा।

## मुस्लिम विंग के संभाग संयोजक बने इकराम खान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

राष्ट्रीय संयोजक इंद्रेश कुमार के निर्देशानुसार प्रदेश संयोजक अफजल खान ने रायपुर संभाग का दायित्व इकाराम खान को सौंपा है। इकराम खान भारती जनता पार्टी के वर्तमान में प्रदेश सदस्य और पूर्व में रायपुर ग्रामीण व बेमेतरा जिला के प्रभारी रहे, राष्ट्रीय मुस्लिम मंच एक राष्ट्र विचारधारा आरएसएस की एक टीम है, जिसका उद्देश्य मुस्लिम समाज में राष्ट्रीय सद्भाव, भाईचारा और राष्ट्र से प्रेम, बड़ी तालीम, तहजीब, तरक्की की नई राह पर चल रहे। संगठन मुस्लिम राष्ट्रीय मंच युवा प्रकोष्ठ में इकराम जानू खान को एक बड़े ओहदे से नवाजा गया है। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के युवा प्रकोष्ठ के प्रांत संयोजक ने छत्तीसगढ़ राज्य के सभी संभाग संयोजकों व सहसंयोजकों को नियुक्त किया है। इसी कड़ी में इकराम जानू खान कवर्धा निवासी को रायपुर संभाग का संयोजक बनाया गया है। संगठन ने उनसे अपेक्षा की है कि वे मुस्लिम राष्ट्रीय मंच युवा प्रकोष्ठ द्वारा दिए गए दायित्व का निर्वाहन पूरी मेहनत, ईमानदारी से देश सेवा के लिए करेंगे। वहीं अंसारी ने संगठन के समस्त वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि संगठन ने जिस अपेक्षा के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर वह खरा उत्तरने की पूरी कोशिश करते हुए संगठन द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का पालन करते रहेंगे।

## डंडा नृत्या ...



**कवर्धा।** फाल्गुन माह में वंचानल क्षेत्र की टोली शहर में आकर फाग गीत व डंडा नृत्य की शानदार मनमोहक प्रस्तुति दी जा रही है। जिसमें नृतकों द्वारा मादर व झांझ की धून में थिरकते हुए डंडा नृत्य शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में चौंक चौराहों व गली मोहल्ले में नजर आ रहें है वहीं फाग गीत से सुमधुर व आर्कषित का माहौल बना हुआ है।

छात्र-छात्राओं ने दी नयनाभिराम कार्यक्रम की प्रस्तुति

# गुरुकुल के सीनियर विंग वार्षिकोत्सव संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

नगर की प्रतिष्ठित संस्था गुरूकुल पब्लिक स्कूल के सीनियर विंग कक्षा चौथी से बारहवी तक के छात्र-छात्राओं का नयनाभिराम, मनमोहक, आकर्षक रंगारंग प्रस्तुति के साथ वार्षिकोत्सव सृजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम संचालन समिति अध्यक्ष, समस्त पदाधिकारी व निर्देषक गण, प्राचार्य, प्रभारी प्राचार्य समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं व बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित थे। इस वार्षिकोत्सव में अतिथि के रूप डॉ जशवंत जैन कैंसर सर्जन, डॉ सुबीर श्रीवास्तव सर्जन विमल, मनहरण कौशिक नपाध्यक्ष, कैलाश चंद्रवंशी, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी मंचासीन थे। समस्त अतिथियों के कर कमलों द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर पूजन वंदन के साथ वार्षिकोत्सव सृजन का नयनाभिराम, आकर्षक, मनमोहक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

सर्वप्रथम विद्यालयीन परिवार की ओर से समस्त अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत किया गया, वहीं शाला प्राचार्य ने शाला का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर सभी अतिथियों को शाला की उपलब्धियों से अवगत कराया। समस्त अतिथियो के कर कमलों द्वारा वर्ष 2022-23 की कक्षा 4थी से 12वीं तक की परीक्षा में उत्कृष्टता व विविध गतिविधियों में भी उत्कृष्टता हासिल करने वाले समस्त छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।






वहीं अतिथियों ने अपने-अपने उद्बोधन में शाला की उपलब्धियों की सराहना करते हुए शाला के उत्तरोत्तर प्रगति की शुभकामनाएं दी। साथ ही साथ छात्र-छात्राओं की गणेश गीत, भगत सिंह, मां काली, महाभारत द्रोपदी, जयतु-जयतु भारतम राजस्थानी, मणिकर्णिका, अघोरी तांडव व रिमिक्स, गरबा, छत्तीसगढ़ी नृत्य, पंजाबी कार्यक्रम की शानदार मनमोहक प्रस्तुति दी गई। वार्षिकोत्सव की सांस्कृतिक गतिविधियों के सफल आयोजन में समस्त शिक्षक- शिक्षिकाओं, नृत्य प्रशिक्षक एवं शाला परिवार का विशेष योगदान रहा। सभी अतिथियों को शाला का स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया, सभी अतिथियों का आभार व्यक्त शाला के प्रभारी प्राचार्य ने किया।

# राजनांदगांव लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल का कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶|कोलेगांव

पंडरिया विधानसभा के क्षेत्रांतर्गत एक दिवसीय कार्यक्रम में जिसमें कुई कुकदूर, पंडरिया, महली, दुल्लापुर, कुण्डा, मकरी व दामापुर पहुंचे जिस पर राजनांदगांव कवर्धा लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल का कांग्रेस कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने जगह-जगह भव्य आत्मीय स्वागत गाजे बाजे व फटाके तथा फूल माला से स्वागत किया। मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव कवर्धा लोकसभा प्रत्याशी के झलक पाने के लिए कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों द्वारा बेसब्री से इंतजार रात्रि 9 बजे तक किया। वहीं लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल ग्राम माकरी में हनुमान मंदिर व मां महामाया मंदिर में पूजा अर्चना व आशीर्वाद प्राप्तकर क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान ग्राम माकरी में कांग्रेस कार्यकर्ता जिसमें कुण्डा ब्लॉक अध्यक्ष उत्तर दिवाकर, मीडिया प्रभारी दिनेश पांडेय, पवन शर्मा, राजेश शुक्ला, मुकेश ठाकुर, परमानंद साहू, लखन सिंगरौल, होरीलाल सिंगरौल, हेमंत सिंगरौल, रामावतार सिंगरौल, शिव सिंह चौहान, शिवसहाय चंद्राकर, ध्रुवसिंह ठाकुर, ओंकार साहू, शुभम साहू, लालाराम साहू, भरतराम साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता सहित ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

## खबर संक्षेप



### लायंस क्लब ने आयोजित किया होली मिलन

**कवर्धा।** प्रतिवर्ष की भांति लायंस क्लब का पारिवारिक होली मिलन समारोह 23 मार्च शनिवार की शाम को जी श्याम पैलेस में उल्लासपूर्वक संपन्न हुआ। लायंस परिवार के बच्चों और महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सुविधि जैन ने सुंदर शास्त्रीय नृत्य पेश कर सबको प्रभावित किया। प्रीनिशा छाबड़ा ने गीत 'दिल है छोटा सा छोटी सी आशा' पर अच्छा नृत्य प्रस्तुत कर तालियां बटोरी। लायन सुशीला श्रीश्रीमाल के संचालन में मनोरंजक प्रश्नोत्तरी रखी गई, जिसमें अनेक लायन साथियों ने पुरस्कार जीते। नीरज मंजीत ने पति पत्नी की नोंकझोंक पर हास्य कविताएं सुनाकर सभी को खूब गुदगुदाया। प्रेमचंद श्रीश्रीमाल, बीपी गुप्ता, संध्या दानी, कोमल गाँधी ने सुंदर गीत सुनाए। शुरुआत में प्रेमचंद, बीपी गुप्ता, हरीश गाँधी एवं आनंदप्रकाश दानी ने होली की महत्ता बताते हुए सभी को बधाई शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन नीरज मनजीत ने किया। समारोह में लायन रामेश्वर गुप्ता, घनश्याम गुप्ता, डॉ. संगीता चौहान, गुरदीप सिंह अरोरा, चरणजीत कौर लवली, महेन्द्र छाबड़ा, सुनीता गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**कवर्धा।** ओरल हेल्थ डे व ओरल हेल्थ सप्ताह के तहत ग्राम डोमसरा के प्राथमिक व माध्यमिक शाला में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को ओरल हेल्थ और हाइजीन के महत्व के बारे में जागरूक करना था। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने बच्चों को दांत (मुख) से संबंधित मुख्य बातें सिखाई। जिसमें दांतों की सही देखभाल, मुंह का साफ- सफाई, स्वस्थ आहार की महत्वता शामिल है। वे बच्चों को साफ दांतों और स्वस्थ मुंह के लिए सही तरीके से ब्रशिंग करने का तरीका सिखाते हुए उन्हें स्वस्थ आहार के प्रति जागरूक किया। बीएमओ डॉ. अनामिका पटेल व दंत चिकित्सक सुधा एक्का ने बच्चों को ओरल हेल्थ के महत्व के बारे में बताया व उन्हें सही तरीके से दांतों की सफाई करने के लिए टिप्स दिए।

# समाज पर की गई अभद्र टिप्पणी से भड़का साहू समाज, चक्काजाम कर थाना का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

बीते गुरूवार को पंडरिया में आयोजित भाजपा के कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान दो लोगों द्वारा साहू समाज के एक व्यक्ति के खिलाफ की गई समाज विरोधी अभद्र टिप्पणी का मामला शनिवार को न सिर्फ गरमा गया बल्कि उसने तूल भी पकड़ लिया। बताया जाता है कि इस मामले के आरोपियों की गिरफ्तारी तथा समाज से सार्वजनिक माफी की मांग को लेकर घटना के बाद से ही आक्रोसित साहू समाज ने शनिवार को न सिर्फ पंडरिया थाना का घेराव किया बल्कि चक्काजाम कर जमकर नारेबाजी की। बाद में पुलिस प्रशासन ने समाज के आक्रोश को देखते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है वहीं आरोपियों ने समाज की मांग के अनुरूप से सार्वजनिक रूप से माफी भी मांग ली है। जिसके बाद सामाज का गुस्सा शांत हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 21 मार्च को पंडरिया में भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया था। जिसमें भाजपा कार्यकर्ता गोलू ठाकुर तथा सोनू ठाकुर मंच में उपस्थित थे। आरोप है कि इसी दौरान दोनों भाजपा कार्यकर्ताओं ने आपसी मनमुटाव व रंजिश के चलते पहले से मंच में मौजूद भाजपा कार्यकर्ता जल्लू साहू के विरूद्ध जाति सूचक अभद्र टिप्पणी करते हुए उसे मंच से धक्का देकर नीचे उतारने का प्रयास किया। जिसे लेकर मंच में हंगामा मच गया और साहू समाज के दीगर लोगों ने इसका विरोध करते मौके पर ही धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। लेकिन भाजपा तथा समाज के वरिष्ठ नेताओं की समझाईश पर उस दिन मामला शांत पड़ गया।

बताया जाता है कि स्थिति परिस्थिति को देखते हुए उस दिन तो साहू समाज के लोगों ने अपमान का घूंट पी लिया लेकिन इस विषय को लेकर शुक्रवार को ग्राम मोहतरा में साहू समाज की बैठक आयोजित की गई और सर्वसम्मति से समाज विरोधी अभद्र टिप्पणी करने वाले दोनों ही आरोपियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर उनकी गिरफ्तारी किए जाने तथा समाज से उनके द्वारा सार्वजनिक रूप से माफी मंगवाने का निर्णय लिया गया। जिसके बाद शनिवार को बड़ी संख्या में क्षेत्र के साहू समाज के लोगों, युवाओं व महिलाओं ने सीधे पंडरिया थाना पहुंचकर थाना का घेराव शुरू कर दिया और कवर्धा-बिलासपुर मार्ग में घरने पर बैठकर चक्काजाम किया तथा जमकर नारेबाजी शुरू कर दी। आरोपियों की गिरफ्तारी और माफी की मांग को लेकर साहू समाज का यह विरोध प्रदर्शन व चक्काजाम काफी देर तक चलते रहा।

जिसके बाद पुलिस ने मौके की नजाकत को भांपते हुए साहू समाज के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाले आरोपी गोलू ठाकुर तथा सोनू ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया, जिसके बाद दोनो ने पुलिस सुरक्षा के बीच साहू समाज से सार्वजनिक रूप से माफी भी मांग ली। तब कहीं जाकर साहू समाज ने अपना धरना प्रदर्शन और घेराव समाप्त किया।

### भाजपा ने शिकायत के आधार पर की निलंबन की कार्यवाही




इस मामले में जहां साहू समाज की शिकायत पर पंडरिया पुलिस ने दोनो आरोपियों को गिरफ्तार किया है वहीं भाजपा ने भी साहू समाज की शिकायत पर दोनों कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्यवाही करने में देर नहीं की। जानकारी के मुताबिक साहू समाज की शिकायत पर जिला भाजपा के अध्यक्ष अशोक साहू ने भाजपा कार्यकर्ता सोनू ठाकुर तथा गोलू ठाकुर को पार्टी से निलंबित कर दिया है और इसकी जानकारी पार्टी के आला पदाधिकारियों को भी प्रेषित कर दी गई है।

## दुर्घटना: पिपरिया थाना क्षेत्र के एनएच में बड़े रगरा के पास हादसा

# भीषण सड़क हादसे में मोटर साइकिल सवार की मौत

**मोटर सायकलें आपस में टकराई या फिर अज्ञात वाहन ने मारी ठोकर, जांच में जुटी पिपरिया पुलिस**

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले से गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 में शुक्रवार की रात हुए भीषण सड़क हादसे में दो मोटर सायकलों में सवार तीन लोगों में से दो युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसे ईलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

हालांकि अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि दोनों मोटर सायकलें आपस में टकराई हैं या फिर उन्हें किसी दूसरे वाहन ने ठोकर मारी है। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो मृतकों के शवों को बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है वहीं घायल युवक को अस्पताल दाखिल कराने के बाद अब मामले में की जांच में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात करीब 12-00 बजे अक्षय दास मानिकपुरी पिता विजय दास मानिकपुरी आयु 25 वर्ष निवासी खड़ौदा थाना बोड़ला अपनी मोटर सायकल से तथा अग्रदास सतनामी पिता संतदास सतनामी आयु 24 वर्ष निवासी ग्राम मड़मड़ा पुलिस चौकी बाजार चारभांटा अपने साथी बाबू लाल टण्डन के साथ अपनी मोटर सायकल से वापस घर लौट रहे थे। बताया जाता है कि इसी दौरान दोनो मोटर सायकल सवार पिपरिया थाना क्षेत्रांतर्गत नेशनल हाईवे 30 में ग्राम बड़े रगरा के पास सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। जिसमें अक्षय तथा अग्रदास की मौके पर ही मौत हो गई वहीं बाबूलाल गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद राहगीरों ने इसकी जानकारी तत्काल पिपरिया पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है तथा वहीं घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराई उसका ईलाज कराया जा रहा है।

### बस ने बाइक चालक बुजुर्ग को मारी ठोकर, गंभीर



जिले की सड़कों में एक के बाद एक हो रही सड़क दुर्घटनाओं के बीच शनिवार को नेशनल हाईवे 30 स्थित ग्राम हरिनछपरा के पास एक तेज रफ्तार बस चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ग्राम हरिछपरा निवासी मोटर सायकल क्रमांक सीजी=09 जेए 3618 के चालक दूजराम को पीछे से जबरदस्त ठोकर मार दी। बताया जाता है कि घटना के बाद मोटर सायकल बस के पहिए में फंस गई जिससे मोटर सायकल के परखच्चे उड़ गए जबकि मोटर सायकल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची डॉयल 112 की मदद से अस्पताल पहुंचाया है। वहीं पुलिस ने आरोपी बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर अब आगे की कार्यवाही कर रही है।

### घटना की जांच में जुटी पिपरिया पुलिस

इस संबंध में पिपरिया पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार उन्हें शुक्रवार की देररात नेशनल हाईवे 30 स्थिति ग्राम बड़े रगरा के पास सड़क दुर्घटना की सूचना मिली थी। जिसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दो मृतकों के शवों को बरामद किया था तथा सड़क दुर्घटना में घायल एक युवक को अस्पताल पहुंचाया था। लेकिन पुलिस अभी यह स्पष्ट नहीं कर पा रही है कि दोनो मोटर सायकलों में की आपस में भिड़ंत हुई या फिर उन्हें किसी अज्ञात वाहन ने ठोकर मारी है। बहरहाल इस बात की जानकारी जुटाने के लिए पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# जिले में शांति एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से होली मनाने की अपील

- प्रशासन द्वारा समिति की बैठक की गई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अधिकारी जनमेजय महोबे के निर्देश पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अविनाश भोई की अध्यक्षता में होली त्यौहार शांतिपूर्ण मनाने एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस थाना कोतवाली में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में अनुविभागी अधिकारी एवं दंडाधिकारी कवर्धा अनुपम आशीष टोप्पो, तहसीलदार कवर्धा उपेन्द्र किंडो, कोतवाली थाना प्रभारी एवं नगर के गणमान्य नागरिक व विभिन्न समाजों के समाज प्रमुख उपस्थित रहे। बैठक में सभी समाज प्रमुखों एवं गणमान्य नागरिकों से आपसी भाईचारे व सभी के भावनाओं को ध्यान में रखते हुए शांतिपूर्ण तरीके से होली त्यौहार मनाने तथा त्यौहार में कानून व्यवस्था को बनाये रखने की अपील की गई। अपर कलेक्टर श्री भोई ने कहा कि यह पर्व आपसी भाईचारे का है।

उन्होंने इन पर्वों को शांतिपूर्वक और सुरक्षित रूप से मनाने के लिए जिलेवासियों से सहयोग की भी अपेक्षा की है। उन्होंने होली त्यौहार में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए शहर के सभी चैकदृचैराहों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने निर्देशित किया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी को होली त्यौहार में पर्याप्त संख्या में कर्मचारी नियुक्त करते हुए 3 पाली में पानी का सप्लाई करने के लिए निर्देशित किया गया। इसी प्रकार विद्युत विभाग को विद्युत सप्लाई सुनिश्चित करने एवं जिला सेनानी को अग्नि-शामक वाहन तैयार रखने के लिए निर्देशित किया गया।

चिन्हांकित स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की व्यवस्था करने को कहा गया है। बैठक में कहा गया है कि होलिका पर्व के दौरान किसी भी तरह से लोग एक दूसरे को रंग व गुलाल लगाने में जबरदस्ती न करें। एक दूसरे के प्रति सहयोगात्मक रवैया रखें, एक-दूसरे का सम्मान करें तथा पर्व सौहार्द से मनायें। बैठक में त्योहारों के दौरान किसी भी अप्रिय घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस कंट्रोल रूम में सूचना देने की भी अपील आमजनों से की गई है।

बैठक में उपस्थित गणमान्य नागरिक एवं सभी समाज प्रमुखों द्वारा सभी की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण तरीके से होली त्यौहार मनाने एवं कानून व्यवस्था को बनाये रखने में पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया गया। प्रशासन द्वारा आयोजित शांति समिति की बैठक में नगर के गणमान्य नागरिक पुलिस व जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे।

# पिपरिया स्कूल में विश्व जल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭पिपरिया



जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बालक पिपरिया में विश्व जल दिवस कार्यक्रम मनाया। इस अवसर पर विज्ञान शिक्षक बिहारी दास वैष्णव ने बच्चों से पानी बचाने की अपील की। उन्होने जल संरक्षण के प्रति बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि जिंदा रहने के लिए पानी, जल की आवश्यकता होती है, इसका संरक्षण करना व स्वच्छ बनाए रखना हम सब की जिम्मेदारी है। उन्होने कहा कि कवर्धा व बहुत से गांव की जीवनी दायिनी नदी संकरी नदी है। लेकिन आज संकरी नदी में जल सूख गया है। नदी, तालाब, पोखर तथा कुआं में जल की कमी है, जो पानी बचाने व संरक्षण हेतु उपयुक्त स्थान है। कार्यक्रम में बच्चों को नारा के माध्यम से जल बचाने जागरूक किया है। इस अवसर प्रधान पाठिका श्रीमती संयोगिता सोनी, शिक्षक बिहारी दास वैष्णव सभी स्टाफ सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

# छिरहा में स्थानीय परीक्षा सम्पन्न, 137 में से 135 विद्यार्थी रहे उपस्थित



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल छिरहा में स्थानीय स्तर पर आयोजित कक्षा नवमीं के विद्यार्थियों का वार्षिक परीक्षा शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया है। संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि विद्यालय में कुल दर्ज 137 में से 135 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित एवं दो विद्यार्थी अनुपस्थित थे। उन्होंने बताया कि इस बार स्थानीय परीक्षा का आयोजन स्कूल स्तर पर ही समय-सारणी निर्धारित कर सम्पन्न किया गया. परीक्षा परिणाम अप्रैल के अंतिम सप्ताह में घोषित किया जाएगा।

## मतदाता जागरूकता अभियान...



**कवर्धा।** नेहरू युवा केन्द्र कवर्धा के द्वारा गांव-गांव में चलाया जा रहा मतदाता जागरूकता अभियान।

## होलिका दहन आज, अंतिम तैयारियों में जुटी समितियां

# होली पर्व को लेकर लोगों में उत्साह, बाजार में बढ़ी रौनक

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



आपसी प्रेम, सद्भाव का सांस्कृतिक के पर्व होली की नगर में जबरदस्त रोनक देखने को मिल रही है। होलिका दहन 24 मार्च के रोज है। जिसे देखते हुए कवर्धा नगर सहित अंचल भर होलिका दहन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कवर्धा नगर की बात की जाए तो यहां कई स्थानो में होलिका स्थावित की गई। खासकर बच्चों की टोलियों ने अपने-अपने स्तर पर होलिका की तैयारियां कर रखी और इन तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। वहीं होली को लेकर नगर में बाजार भी सज चुका है। जहां होलिका दहन के पूव लोगों ने पहुंचने लगे हैं और खरीदी शुरू कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि पर्व के मौके पर नगर में होली का जबरदस्त ढंग से बाजार सजाया गया है। जहां रंग-गुलाल व नाना प्रकार की पिचकारियों से बाजार अटा पड़ा है। इस हाईटेक युग की होली पर बाजार में विभिन्न प्रकार की कैप, चश्में, हर्बल रंग गुलाल, पांच से एक हजार रूपए मूल्य की पिचकारियां, दीपावली कही तर्ज पर रंग चटाई, अनार बम, चंदन टीका के साथ बाजार में 30 से 200 रूपए मूल्य तक में फैंसी गुब्बारे के पैकेट व मास्क उपलब्ध है। इन तमाम होली उपयोगी साजो सामान की खरीदी को लेकर बाजार में होलिका दहन के पूर्व लोगों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है।

### अंचल में रंगो का त्यौहार कल

होलिका दहन के दूसरे रोज मनाई जाने वाली धुरेड़ी की भी लोगों ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। पर्व को रंग, गुलाल से सराबोर करने के लिए होली के मद्देनजर नगर में सजी दुकानों से जमकर खरीददारी की जा रही है। पर्व को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बच्चों के इस उत्साह को बाजार में लगी रंग, गुलाल तथा पिछकारी दर्जनो दुकाने और अधिक बढ़ा रही है। कुल मिलाकर बना जा रहा है कि धुड़ेरी के रोज सार्वधिक मौज बच्चों की ही रहनी वाली है।

### चौक-चौराहो में भारी सुरक्षा बल तैनात

होली के त्यौहार और पर्व के मौके पर जिलेभर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। कवर्धा नगर की बात की जाए तो जहां पुलिस प्रशासन द्वारा शांति समिति की बैठक आयोजित कर लोगों से शांतिपूर्ण और भाईचारे के साथ होली त्यौहार मनाने शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। वहीं नगर के प्रमुख चौक चौराहों में भी भारी सुरक्षा बल तैनात किया गया है। इसके अलावा कई पेट्रोलिंग पार्टी भी बनाई गई है जो शहर के सभी ईलाकों तथा मुख्य मार्गो में लगातार गस्त कर रही है। पुलिस प्रशासन द्वारा मोटर सायकल पर तीन सवारियोंए हुड़दंगियों, असामाजिक तत्वों तथा शराबियों पर खास नजर रखी जा रही है।

# मतदाता सूची में नाम जुड़ाव, मतदान करने का अधिकार पाओ का दे रहे संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे के निर्देश पर जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप का कार्य तेज गति से चल रहा है। इसके अंतर्गत गांव-गांव में लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्रयास किए जा रहे हैं की शत प्रतिशत मतदान कराया जा सके। इसी क्रम में नेहरू युवा केन्द्र कवर्धा के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत पंडरिया के ग्राम महका में गोष्ठी का आयोजन किया गया। ग्रामीणों को बताया गया की लोकतंत्र में मतदान कर वे अपनी भागीदारी निभाए साथ ही ग्रामीणों को मतदान करने के लिए शपथ दिलाया गया। ऐसे युवा जिन्होंने अपनी 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो उन्हें मतदाता सूची में अपना नामांकन करते हुए मतदाता परिचय पत्र बनाकर वोट देने के अधिकारों के विषय में बताया गया। तथा आह्वान किया गया कि लोकतंत्र में युवा कंधे से कंधे मिलाकर आगे बढ़े। इस संबंध में जानकारी देते हुए मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए जिले के सभी क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता हेतु अनेक कार्यक्रम हो रहा है।इस दौरान ऐसे युवा एवं व्यक्ति जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़ा है वे 25 मार्च तक अपना नामांकन अपने बूथ लेवल अधिकारी के पास जमा कर सकते हैं। तथा मतदाता परिचय पर पत्र प्राप्त कर अपने मत अधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि कबीरधाम जिले का लोकसभा संसदीय क्षेत्र राजनंदगांव है जिसमें द्वितीय चरण पर 26 अप्रैल 2024 को मतदान होगा। आगामी लोकसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सभी विभागों द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा है।